# कर्ज उतारने को की थी करोड़ों की चोरी, पड़ोसी समेत पांच गिरफ्तार

## शालीमार पैराडाइज चोरी कांड का खुलासा, पड़ोसी निकला चोरी का मास्टरमाइंड

कार्रवाई

- ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टे के कर्ज में डूबकर रची थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आनलाइन ट्रेडिंग व सट्टेबाजी में चढ़ा उधार उतारने को ठेकेदार के पड़ोसी ने अपने दोस्त संग करोड़ों की चोरी को अंजाम दिया था। एक सप्ताह बाद घटना का खुलासा कर पुलिस ने दोनों दोस्तों व तीन अन्य को दबोचा है। इनके पास से पिस्टल, जेवरात, नकदी व कार बरामद की गई।

गत एक मई को अजय कुमार सिंह निवासी बंगला संख्या सी-5 शालीमार पैराडाइज सफेदाबाद ने पुलिस को बताया कि 19 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच, जब वे परिवार के साथ काम के सिलसिले में घर से बाहर थे, तब उनके बंद मकान के लॉकर से एक लाइसेंसी पिस्टल, शस्त्र लाइसेंस, कैश, जेवरात चोरी कर लिए गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पांच टीमें खुलासे के लिए लगाईं। गुरुवार को एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि टीमों ने आकर्ष सिंह उर्फ यश निवासी ए-11 शालीमार पैराडाइज, ऋत्विक यादव निवासी मोहले नगर अल्लापुर थाना जार्जटाऊन, अनुराग कथूरिया उर्फ अरमान निवासी सरस्वती सेक्टर त्रिवेणीपुरम थाना झूंसी, ऋषि कुमार सोनी उर्फ चन्दन निवासी चक बताशा मंडी थाना कोतवाली सभी प्रयागराज व आकर्ष के मित्र पृथ्वी प्रताप सिंह उर्फ ओम निवासी विशुनपुरा थाना अहरौला आजमगढ़ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी के जेवरात, एक पिस्टल, 9 कारतूस, नकद 14,85,000 रुपये व ऑडी कार बरामद की गई। पूछताछ से पता चला कि आकर्ष सिंह ने ही चोरी साजिश रची थी। आकर्ष सिंह वर्तमान में वादी के घर के सामने ही रहता है। बताया कि उसे शेयर मार्केट में घाटा होने के कारण उसने अपने साथी अनुराग कथूरिया, पृथ्वी प्रताप सिंह उर्फ ओम के साथ मिलकर अपने घर के सामने रहने वाले अजय प्रताप सिंह के घर में चोरी की योजना बनायी। 24 अप्रैल की रात आकर्ष द्वारा पृथ्वी प्रताप सिंह को अपने घर की छत पर मौजूद रहकर फोन कॉल के माध्यम से अलर्ट किया तथा स्वयं अजय प्रताप के घर में चोरी करने चला गया। चोरी का सामान अपनी ऑडी कार से ले जाकर अनुराग कथूरिया के घर पर रखा। अनुराग ने प्रयागराज निवासी ऋषि उर्फ चन्दन व ऋत्विक से मिलवाकर कुछ सामान उन्हें बेच दिया तथा ज्वैलरी गलवाने के बाद बाकी रुपये देने की बात हुई थी। बेचे गये जेवर के कुछ पैसे इन लोगों ने शेयर ट्रेडिंग में भी लगा दिये थे। पुलिस ने उस रकम को फ्रीज करा दिया है। घटना का खुलासा करने पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस टीम को 25 हजार नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, नौ लोग घायल

- पिकअप से टकरायी स्कूल वैन चार बच्चे घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि स्कूल वैन व दुग्ध वाहन में हुई टक्कर से चार बच्चों समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहला हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर दारापुर स्थित कालिका ढाबा के पास सुबह हुआ। डीसीएम के अचानक ब्रेक लगाने से अयोध्या की ओर जा रही दो डबल डेकर बसें व अन्य वाहन आपस में भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारिश के कारण सड़क पर फिसलन के चलते घटना हुई। हादसे में बस सवार बस्ती निवासी विनोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आशीष, आजाद, संजय और अजमेर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।

मसौली क्षेत्र में बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट गुरुवार सुबह करीब छह बजे पैदल जा रहे राहगीर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। सूरतगंज क्षेत्र में गुरुवार सुबह सूरतगंज-सुढ़ियामऊ मार्ग पर तेलवाय गांव के निकट एक निजी स्कूल की वैन सुल्तानापुर गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर वैन सामने से आ रही दुग्ध वाहन पिकअप से टकरा गई। टक्कर में वैन का अगला हिस्सा पिकअप में फंस गया। ग्रामीणों की मदद से बच्चों और चालक को बाहर निकाल सीएचसी सूरतगंज भेजा गया, जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में शशांक, अभिका, सुधांशु, पुष्पेंद्र और वैन चालक तिलकराम गंभीर रूप से घायल हैं। अन्य बच्चों को मामूली चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जिला अस्पताल से चारों बच्चों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## एलपीआईएस बना अंडर-19 इंटर स्कूल वॉलीबॉल चैंपियन, बाबा गुरुकुल को हराया


विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि डॉ. विवेक सिंह वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, श्रद्धा स्पोर्ट्स अकादमी और जेबीएम स्पोर्ट्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंडर-19 इंटर-स्कूल डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मैच एलपीआईएस और शिव राम सिंह इंटर कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें एलपीआईएस ने 2-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में सैनिक पब्लिक स्कूल और बाबा गुरुकुल के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें बाबा गुरुकुल ने 2-1 से जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में एलपीआईएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाबा गुरुकुल को 2-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजयलक्ष्मी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन व भाजपा नेता डॉ. विवेक सिंह वर्मा और वॉलीबॉल संघ बाराबंकी के सेक्रेटरी पवन सिंह रहे।

## छात्र संसद चुनाव में 34 प्रत्याशियों ने लिया हिस्सा


विजयी छात्रों के साथ मुख्य अतिथि राजीव नयन तिवारी। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद चुनाव का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में 34 प्रत्याशियों ने भाग लिया, जिनमें 23 छात्र और 11 छात्राएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि दि बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी रहे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने छात्रों को लोकतंत्र में जनमत के महत्व से अवगत कराया। मतदान अधिकारी दिनेश वीर विक्रम सिंह ने बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी विपुल कुमार शर्मा एवं सहयोगी दिवाकर विक्रम, प्रीति सिंह, साक्षी वर्मा, ममता सैनी, कैलाश अवस्थी और सुधीर गुप्ता ने चुनाव को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया। मतगणना के बाद कक्षा आठ के छात्र अविचल शर्मा, कक्षा सात के यशवर्धन और शौर्य गुप्ता तथा कक्षा छह के अंश निगम और दीपिका शर्मा को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि राजीव नयन तिवारी ने सभी 14 विजयी प्रतिभागियों के नाम घोषित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# ट्रेन के शौचालयों में मिले नौ किशोर, बालश्रम की आशंका

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और चाइल्ड हेल्प लाइन की संयुक्त टीम ने बुधवार को बाल मजदूरी की आशंका में ट्रेन से नौ किशोर बरामद किए। सभी बच्चे बिना अभिभावक के डरे-सहमे हुए यात्रा करते मिले। पूछताछ में उन्होंने पंजाब और राजस्थान में काम की तलाश में जाने की बात बताई।

प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संवाद सामाजिक संस्थान लखनऊ तथा चाइल्ड हेल्प लाइन के साथ संयुक्त अभियान चलाया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 15211 में कुछ बच्चे बिना परिजनों के बाल मजदूरी के उद्देश्य से यात्रा कर रहे हैं। बुढ़वल स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर गुरुवार सुबह करीब 8:59 बजे ट्रेन पहुंचने पर टीम ने जांच की। जांच के दौरान कोच संख्या 255669 में पांच तथा कोच संख्या 255412 में चार बच्चे शौचालय की गैलरी में यात्रा करते मिले। सभी बच्चे सहमे दिखाई दिए। सौहार्दपूर्ण पूछताछ में बच्चों ने अपने नाम-पते बताए और बताया कि वे काम की तलाश में घर से निकले हैं। टीम ने बताया कि बच्चों को न गंतव्य की सही जानकारी थी और न ही उनके साथ अभिभावक था। ऐसे में बाल श्रम कराए जाने की आशंका को देखते हुए सभी बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। आरपीएफ ने जरूरी कार्रवाई के बाद सुपुर्दगी पत्र तैयार कर सभी नौ बच्चों को काउंसिलिंग और अग्रिम कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपरवाइजर रोहित वर्मा को सौंप दिया।

# युवक पर फायरिंग बाल-बाल बचा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में गुरुवार दोपहर स्कूटी सवार युवक पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली युवक को न लगकर स्कूटी में जा धंसी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। पुलिस जांच कर रही है। सूरतगंज निवासी वसीम के अनुसार वह गुरुवार करीब 12 बजे रामनगर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह भुंड गांव के पास पहुंचा, तभी पीछे से बाइक सवार तीन युवक पहुंचे और उस पर फायरिंग कर दी। गोली स्कूटी में लगी, जबकि वसीम बाल-बाल बच गया। वसीम किसी तरह घर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। वसीम ने होश में आने पर बताया कि कुछ लोग बुधवार से उसका पीछा कर रहे थे। उसने दुश्मनी होने से इनकार किया है लेकिन प्रॉपर्टी के लेनदेन को लेकर विवाद का जिक्र किया।

# शहर के प्रवेश द्वार होंगे आकर्षक

- डीएम की अध्यक्षता में हुई नगर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



बैठक में दिशा-निर्देश देते डीएम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, राजस्व वसूली, स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण, तालाब संरक्षण और शहर के सौन्दर्यीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि नगर निकाय वर्तमान वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभी से प्रभावी कार्ययोजना बनाएं और आय बढ़ाने के लिए नए स्रोत विकसित करें। जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र और नगर पालिका परिषद को समन्वय बनाकर शहर के सुनियोजित विकास व सौन्दर्यीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के प्रवेश द्वारों को आकर्षक बनाने, पुराने ऐतिहासिक भवनों पर फसाड लाइटिंग कराने तथा प्रमुख चौराहों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा नगर निकायों को थीमेटिक पार्क विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। स्वच्छता की समीक्षा में डीएम ने सभी निकायों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने और खाली प्लॉटों पर कूड़ा न जमा होने देने के निर्देश दिए। । बैठक में अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूरा कराने तथा अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना और शहरी आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान एडीएम निरंकार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## घी व खाद्य तेलों के 11 नमूने जांच को भेजे


जांच करतीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी व अर्शी फारूकी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद व अन्य राज्यों में निर्मित तथा विदेशों से आयातित घी एवं खाद्य तेल ब्रांडों के खिलाफ व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान होलसेलर, आपूर्तिकर्ता और रिटेल दुकानों पर प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 11 नमूने जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान विशाल मेगा मार्ट से कच्ची घानी सरसों तेल, कल्याण किराना स्टोर सुबेहा से सोयाबीन रिफाइंड तेल, यासीन किराना भिलवल से कच्ची घानी सरसों तेल, यादव किराना स्टोर मंझार लोनीकटरा से घी, बाजपेयी किराना स्टोर रामनगर से सरसों तेल, रामगोपाल ट्रेडर्स रामनगर से सोयाबीन तेल, अमित ट्रेडर्स देवा रोड फतेहपुर से इमामी रिफाइंड तेल, श्री महावीर ट्रेडिंग कंपनी टिकैतगंज से फॉर्च्यून रिफाइंड तेल, जायसवाल प्रोविजन स्टोर सराई बाजार फतेहपुर से पतंजलि घी, कमलेश किराना स्टोर भिटरिया से फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल तथा गया प्रसाद किराना टिकैतनगर से कालिका ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए गए। डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित निर्माता, वितरक और विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रवर्तन अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी सलिल सिंह, अरुण कुमार, भगौती प्रसाद, अनुराधा मिश्रा, पल्लवी तिवारी, अंकिता यादव एवं अर्शी फारूकी शामिल रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा को सरकार प्रतिबद्ध

- महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं 13 शिकायतें, कार्रवाई के निर्देश


सुनवाई करतीं महिला आयोग की सदस्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने निरीक्षण भवन बाराबंकी में जनसुनवाई कर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

अंजू प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज, स्वास्थ्य, पुलिस, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की विभागवार समीक्षा भी की गई। साथ ही निर्देश दिए गए कि महिला उत्पीड़न मामलों की आख्या राज्य महिला आयोग और जिला प्रोबेशन अधिकारी को समय से उपलब्ध कराई जाए। सदस्या ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी समस्या पर महिलाएं निःसंकोच शिकायत दर्ज कर सकती हैं। इसके बाद उन्होंने विकास खंड दरियाबाद में चौपाल लगाकर ग्रामीण महिलाओं और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान घरेलू विवाद, उत्पीड़न, आवास से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिनके त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, महिला थानाध्यक्ष, जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# नाले में मिला मजदूर का शव

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी-जैदपुर मार्ग पर टेरा गांव के पास एक बाइक सवार संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे नाले में मृत मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैदपुर क्षेत्र के ग्राम बलछत का रहने वाला मोहम्मद आलम मजदूर थाा। बुधवार की शाम वह बाइक से थाना क्षेत्र के ग्राम तुरकानी रिश्तेदार के यहां गया था। वहां से देर रात वह लौट रहा था। उसका मोबाइल बंद जाने पर परिजनों को शंका हुई और तलाश शुरू की गई पर पता नहीं चला। उधर ग्राम टेरा के पास गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे नाले में एक व्यक्ति का शव व बाइक पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहचान शुरु कराई तो मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त आलम के रूप में की। चेहरे पर चोटों के निशान मिले।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के इंटहुवा मजरे मूसेपुर गांव में गुरुवार को एक युवक का शव बाग में पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी शिवा पुत्र चन्द्रशेखर गुरुवार दोपहर तक घर पर मौजूद था। इसके बाद वह अचानक घर से निकल गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर पश्चिम दिशा में स्थित एक बाग में चिलवल के पेड़ से गमछे के सहारे उसका शव लटकता मिला। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। जिनके अनुसार युवक का गोंडा जिले की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा कि युवती दो बार युवक के गांव भी आ चुकी थी। करीब एक सप्ताह पूर्व दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बनने पर ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर युवती को उसके घर भेज दिया था। इसके बाद युवक को मोबाइल फोन पर धमकियां मिलने की बात भी सामने आई है।

पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतक परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों को कचरा पृथक्करण की दी गई जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद नवाबगंज द्वारा ओबरी विकास भवन वार्ड स्थित ग्लोबल एकेडमी इंटर कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ने की। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरे के पृथक्करण की विस्तृत जानकारी दी गई। शीला सिंह ने बताया कि अब कचरे के चार प्रकार गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक और इलेक्ट्रॉनिक कचरा हैं, जिन्हें अलग-अलग कूड़ेदानों में रखना आवश्यक है। उन्होंने घरों में लाल, नीला, हरा और काला कूड़ेदान रखने तथा कूड़ा केवल नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी को देने की अपील की, जिससे शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। सभासद अरुण कुमार यादव ने बताया कि वार्ड में लगातार प्रयासों के चलते लोग अब घर का कूड़ा कूड़ा गाड़ी में ही दे रहे हैं और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक ज़िया उर रहमान ने किया। इस मौके पर मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा स्वच्छता चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें मो. फैज ने प्रथम, याशी यादव ने द्वितीय तथा सादिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया।


स्वगणना करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

## जनप्रतिनिधियों-अफसरों ने की ऑनलाइन स्वगणना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनगणना 2027 के तहत गुरुवार से स्वगणना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में डीएम ईशान प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, सदर विधायक धर्मराज यादव, रामनगर विधायक फरीद महफूज़ किदवई, जैदपुर विधायक गौरव रावत और पालिका नवाबगंज की चेयरमैन शीला सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व गणना पूरी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, जॉइंट मजिस्ट्रेट विद्यांशु शेखर झा सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारियों ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व गणना पूरी की। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि स्वगणना कार्यक्रम शासन की महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम | उद्योगपति-प्रशासन संवाद, एक्सपोर्टर्स समिट पर बनी सहमति

# औद्योगिक क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आईआईए बाराबंकी चैप्टर कार्यालय, कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार को उद्योगपतियों एवं जिला प्रशासन के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईए बाराबंकी चैप्टर अध्यक्ष विधु गुप्ता के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसके बाद जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी सड़क, बिजली, जल निकासी, सुरक्षा व्यवस्था सहित आधारभूत सुविधाओं की समस्याएं रखीं। साथ ही क्षेत्र में फायर स्टेशन और समर्पित थाना स्थापित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन उद्योगों के विकास और निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है व कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया की सुविधाओं को प्राथमिकता पर विकसित किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बाराबंकी में एक्सपोर्टर्स समिट आयोजित करने पर सहमति भी दी, जिसमें विभिन्न देशों की एम्बेसी की सहभागिता पर चर्चा हुई। इससे ओडीओपी सहित स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईआईए की ओर से राष्ट्रीय सचिव प्रमित कुमार सिंह, डिविजनल चेयरमैन कैप्टन राजेश तिवारी, चैप्टर अध्यक्ष विधु गुप्ता, सचिव अमन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक पाठक तथा महिला विंग कैप्टन अपर्णा मिश्रा सहित कई उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी का स्वागत करते आईआईए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में उमाशंकर बने विजेता

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** फूलपुर स्थित सय्यदे शकील शाह बाबा की मजार पर चल रहे उर्स के दौरान विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। पहला मुकाबला अयोध्या के आशुतोष यादव और मलिहाबाद के कैप्टन के बीच बराबरी पर छूटा। दूसरे मुकाबले में बाराबंकी के राजन ने जरवल के आरिफ को हराकर जीत दर्ज की। महिला कुश्ती में दिल्ली की खुशी और ग्वालियर की आकांक्षा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें आकांक्षा विजेता रहीं। फाइनल मुकाबले में अयोध्या के बाबा उमाशंकर दास ने मलिहाबाद के सोमवीर को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता पहलवानों को 2100, 5000 और 11000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति शेखर हयारण, मेला अध्यक्ष असलम प्रधान, अतीक चौधरी, शकील अहमद और फहीम सहित कई लोग मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### बी. लिब की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 मई को

**उन्नाव, अमृत विचार :** डीएसएन कॉलेज के पुस्तकालय व सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष त्रिपाठी ने कहा कि सूचना एवं पुस्तकालय विज्ञान विभाग की बीलिब कक्षाओं की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा 10 मई को सुबह 11 बजे से महाविद्यालय में संपन्न होगी। सभी छात्र-छात्राएं अपनी शुल्क रसीद, परिचय पत्र व प्रोजेक्ट फाइल लेकर समय से परीक्षा देने पहुंचें।

### चोरी के तराजू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि बुधवार को अहमद नगर मोहल्ला निवासी अली हुसैन ने कोतवाली गंगाघाट में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नेतुआ मोड़ स्थित निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास से 2 युवकों को पकड़ लिया। इनमें विशाल निषाद निवासी कटहादल नरायनपुर और सोम्य रावत उर्फ मेंडी निवासी सर्वोदय नगर को पकड़ा। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया गया एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। जहां दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा गया है।

### युवती हुई घायल, रेफर

**नवाबगंज-उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एतबारपुर गांव निवासी आयुषी (19) को गुरुवार को कॉलेज से घर लौटते हुए सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# 108 छमकनाली पुलिया शिफ्टिंग का कार्य किया स्थगित

## डीआरएम को निरीक्षण में मिलीं खामियां, सरैयां रेलवे क्रासिंग के बारे में गेटमैन से ली जानकारी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित छमकनाली 108 पुलिया के पुनर्निर्माण कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन सतर्क है। गुरुवार को प्रस्तावित पुलिया शिफ्टिंग कार्य से पहले लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने इसमें तकनीकी खामियां मिलने पर कार्य तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया।

ब्रिटिश काल की जर्जर हो चुकी इस पुलिया को बदलने के लिए बीते कई दिनों से कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था स्वास्तिक एंड कंपनी द्वारा नए स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया था, जिसे गुरुवार को मेगा ब्लॉक के दौरान स्थापित होना था। गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर एचबीम चैनल स्लीपर डालने के लिए 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया था, इसी दौरान पुलिया के पैनल की शिफ्टिंग भी प्रस्तावित थी। डीआरएम सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से गंगाघाट पहुंचे फिर पुश ट्रॉली से 108 छमकनाली पुलिया पहुंचे। मौके पर निरीक्षण में उन्हें निर्माण में कई कमियां व तकनीकी खामियां दिखीं। इस पर उन्होंने तत्काल शिफ्टिंग कार्य रुकवाते हुए कार्यदायी संस्था को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खामियां दूर होने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी, ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके। जल्द 108 पुलिया को बदलने का कार्य कराया जायेगा। इसके साथ उन्होंने सरैयां रेलवे क्रासिंग का भी निरीक्षण किया और गेटमैन से जानकारी ली।



छमकनाली पुलिया की शिफ्टिंग के कार्य की योजना देखते डीआरएम। ● अमृत विचार

### सरैयां क्रासिंग पर गार्डर रखने का काम 30 मई से

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर 30 मई से ब्लॉक लेकर गार्डर रखने का काम होना है। इसे लेकर रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। डिप्टी चीफ इंजीनियर ब्रिज आशीष वर्मा ने बताया कि ब्लॉक मिलने के बाद गार्डर रखने का काम तेजी से कराया जायेगा।

### पुल के नीचे सुरक्षा के लिए बैरीकेडिंग

रेलवे पुल के नीचे सुरक्षा को देखते हुए बैरीकेडिंग की गई है। कानपुर छोर से शुरू हुआ एचबीम कार्य अब शुक्लागंज की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान पुल से गिट्टियां गिरने की संभावना रहती है। दुर्घटना से बचाव के लिए कर्मियों ने पुल के नीचे आवाजाही रोकने को बेरीकेडिंग की है।

## एचबीम स्लीपर कार्य की देखी हकीकत

● अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**शुक्लागंज उन्नाव :** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर ट्रफ बदलकर नए एचबीम चैनल स्लीपर डालने के कार्य का निरीक्षण करने लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा गुरुवार को पहुंचे। कार्य के 36वें दिन पहुंचे डीआरएम ने वहां चल रहे कार्य की प्रगति व गुणवत्ता देखी और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। गुरुवार सुबह कार से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे डीआरएम वहां रेलवे पुल की ओर बढ़े और डाउन लाइन पर कानपुर की दिशा में लग रहे एचबीम स्लीपर कार्य देखा। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जताया। बताया कि 13 मई से पहले कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। एचबीम स्लीपर डालने के बाद डाउन लाइन पर पाथवे का निर्माण भी होगा। निरीक्षण में डीआरएम ने गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर उचित बेरीकेडिंग की व्यवस्था की जाए और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही कार्य में तेजी लाने और हाईटेक संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया, ताकि समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा हो सके।



रेलवे पुल पर लगे एचबीएम स्लीपर की हकीकत देखते डीआरएम।

### मौसम खराब होने से 20 स्लीपर ही बदले जा सके

गुरुवार को खराब मौसम के चलते रेलवे कार्य प्रभावित रहा। सुबह से तेज हवाओं व बारिश के कारण डाउन लाइन पर स्लीपर बदलने का काम धीमा हुआ। दोपहर 2:20 से शाम 5:20 बजे तक चले मेगा ब्लॉक में केवल 20 स्लीपर ही बदले जा सके। मौसम अनुकूल न होने से निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया।

## बाढ़ से बचाव की तैयारी न होने पर की जाएगी कठोर कार्रवाई: जिलाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बाढ़ क्षेत्रों के अनुश्रवण हेतु बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई। इसमें डीएम ने एक्सईएन सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ से बचाव के लिए विभाग स्तर होने वाले इंतजामों के बारे में कोई तैयारी न होने व संतोषजनक जवाब न मिलने पर एक्सईएन सिंचाई खण्ड को फटकारते हुए कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि समय से बाढ़ के संबंध में टेंडर हो जाएं। इसमें कोई लापरवाही न हो। बाढ़ के समय परिवार विस्थापित होने पर जो स्कूल चयनित किए जाते हैं उनकी सफाई पहले से हो जाए, स्कूल अच्छी स्थिति में हों, शौचालय ठीक हों और बिल्डिंग ठीक हों यह सुनिश्चित कर लिया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि भूसे का टेंडर समय से कर लिया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी चिकित्सालयों में मौसम जनित बीमारियों से संबंधित पर्याप्त संख्या में दवाएं उपलब्ध हों। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि जो आंधी तूफान से पोल गिरकर टूट सकते हैं, जो पेड़ कमजोर हैं या जर्जर स्थिति में हैं अभियान चलाकर उन्हें चिन्हित कर बदला जाए। कहीं भी तार गिरने से बिजली संबंधी कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बीएसए को निर्देश दिये कि जो विद्यालय जर्जर है उन्हें चिन्हित कर लें। जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। जिससे वर्षा के समय स्कूल गिरने की घटना न हो। कहा कि बाढ़ से संबंधित सभी अधिकारी प्राथमिकता के साथ विभागीय स्तर पर जरूरी तैयारी कर लें। बाढ़ के समय कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सीडीओ कृति राज, एडीएम सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचएन सिंह, एसडीएम सदर, बीघापुर सहित अन्य बाढ़ से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते डीएम घनश्याम मीना। ● अमृत विचार

### डांट से नाराज छात्र घर से निकलकर लापता

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर से एक 15 वर्षीय छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर छात्र मंगलवार को घर से निकल गया और वापस नहीं लौटा। आदर्श नगर निवासी शोभित अवस्थी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा उत्सव अवस्थी मंगलवार दोपहर करीब दो बजे स्कूल से घर आया था। देर से आने पर मां ने उसे डांट दिया, जिससे नाराज होकर वह घर से चला गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### नशा बर्बाद कर सकता है जीवन: ज्योति बाबा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** एनसीबी की रिपोर्ट के अनुसार डार्क नेट के माध्यम से पंजाब, जम्मू, नॉर्थ ईस्ट व दिल्ली में ड्रग्स की सप्लाई हो रही है। इसका पैसा आतंकवाद में भी इस्तेमाल हो रहा है। दुश्मन देश सस्ते नशीले पदार्थों को 'बायो वेपन' की तरह उपयोग कर भारत की युवा शक्ति को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। यह बात गुरुवार को सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में नशा मुक्ति युवा भारत थीम पर नेहरू नगर स्थित बालेश्वरी भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख योग गुरु ज्योति बाबा ने कही। उन्होंने युवाओं में तेजी से फैल रहे सिंथेटिक ड्रग्स के खतरे पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि 18 से 30 वर्ष के युवाओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। जिससे देश की सुरक्षा व भविष्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने एम्स व शहरों में सामने आए मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेव पार्टियों में बेहद सस्ते नशे की उपलब्धता चिंताजनक है। समाजसेवी कमल वर्मा ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि 'सिर्फ एक बार ट्राई' की गलती जिंदगी बर्बाद कर सकती है। प्रेस वार्ता में सरकार से सख्त कानून बनाने और जाइलाजाइन जैसे खतरनाक पदार्थों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते ज्योति बाबा। ● अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में सड़क किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मद्दू खेड़ा गांव के पास सड़क किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के मुताबिक उसे मिर्गी के दौरे आते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसके दो अंदरूनी चोटें मिली हैं।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र रवनहार गांव निवासी राजन (52) पुत्र चेतराम अविवाहित था। परिजनों के मुताबिक वह खेती में हाथ बंटाता था। उसे मिर्गी के दौरे पड़ते थे। गुरुवार सुबह घर से करीब 3 किमी आगे मद्दू खेड़ा गांव के पास वह सड़क किनारे अचेत पड़ा मिला। इससे वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने उसकी पहचान कराकर जांच की जिसमें कोई जाहिरा चोट नहीं मिली। राजन की मौत की खबर से मां इंद्राना बेहाल हो गई। उसके भाइयों में हरिंद्र दिल्ली व रवींद्र और बीरेंद्र परिवार के साथ शुक्लागंज में रहते हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसके दो अंदरूनी चोंट मिलीं। जिसमें एक आंख के पास व दूसरी लिवर के तिल्ली में मिली। तिल्ली फटने से हुए आंतरिक रक्तस्राव से उसकी मौत हुई है। अजगैन कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चचेरे भाई की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### डिजिटल जनगणना को जागरूकता अभियान शुरू

**उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनगणना 2026-27 को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य एके पांडेय ने स्टाफ व प्रशिक्षार्थियों को डिजिटल गणना की बारीकियां बताईं। फील्ड ट्रेनर आशुतोष ने इसकी ट्रेनिंग दी। बताया कि 7 से 21 मई तक चलने वाले इस विशेष अभियान में सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक खुद अपनी गणना कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवार का मुखिया अपने मोबाइल या कंप्यूटर से पोर्टल पर पंजीयन कर ओटीपी से जानकारी दर्ज कर सकता है। इस प्रक्रिया में पहले मकान की गणना होगी। सुरक्षा के लिहाज से एक मोबाइल नंबर का उपयोग एक ही बार संभव होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य में तेजी लाना व डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करना है।

## अनियमितता मिलने पर सोहरामऊ की इंचार्ज शिक्षिका सहित दो निलंबित

● कंपोजिट विद्यालय सोहरामऊ का बीएसए ने 20 अप्रैल को किया था निरीक्षण, मिली थीं खामियां

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड नवाबगंज के कंपोजिट स्कूल सोहरामऊ में बीएसए ने इंचार्ज शिक्षिका सहित 2 का निलंबन कर दिया। जबकि चार्ज न देने वाले एआरपी पर कोई कार्रवाई न करते हुए उसे बरी कर दिया गया। बता दें कि सोहरामऊ कंपोजिट स्कूल का बीएसए शैलेश पांडे ने 20 अप्रैल को निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में इंचार्ज शिक्षिका विभा सिंह ने बताया था कि एआरपी ओम शुक्ला ने वित्तीय व अन्य कई पंजिकाएं हस्तगत नहीं कराई हैं। उन्होंने आख्या में यह भी लिखा था कि इंचार्ज शिक्षिका विभा सिंह, सहायक शिक्षिका सुषमा, रश्मिकमल ओम शुक्ला को नोटिस देकर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को बीएसए कार्यालय में स्कूल का पूरा स्टाफ, एआरपी व नवाबगंज के प्रभारी बीईओ दीपेश कुमार आए थे। सुनवाई में सुषमा के मोबाइल पर फोन आने व किसी को बीईओ द्वारा 10 हजार रुपये प्रति शिक्षक जमा कर उसके विरुद्ध साजिश कराने की बात बताई जा रही थी। यह अधिकारियों के कानों तक पहुंचते ही वह सक्रिय हुए और शिक्षिका सुषमा से पूरी बात समझी तो पता चला कि यह बात साथी शिक्षिका प्रतिमा ने बताई है। इस पर बीएसए ने प्रतिमा को बुलवाया लेकिन वह अफसरों के सामने मुकर गईं। इसका वीडियो भी अधिकारियों ने बनवाया और सहायक शिक्षिका सुषमा को निलंबित कर दिया। यह भी दिखाया गया कि सुषमा ने नोडल संकुल रहते हुए खाते में भेजे गए 15 हजार रुपये के बिल वाउचर प्रस्तुत नहीं किए तो वह वित्तीय अनियमितता में आ गया। इंचार्ज शिक्षिका विभा सिंह पर निरीक्षण के समय स्कूल की अव्यवस्था, शौचालय में ताला बंद मिलने, टोल फ्री नंबर अंकित न मिलने, स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण, बैंक पासबुक, चेकबुक, पीपीए रजिस्टर, बिल वाउचर, एसएमसी रजिस्टर विद्यालय में उपलब्ध न होने, छात्र उपस्थिति पंजिका अपूर्ण मिलने आदि वित्तीय कमियां मिलने पर निलंबित किया गया। बीएसए ने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं को नवाबगंज बीआरसी में संबद्ध कर वहां की वरिष्ठ शिक्षिका ममता चौधरी को इंचार्ज बना दिया गया है। दोनों की जांच बीईओ बीघापुर शुचि गुप्ता को दी गई है।

### एसवीएम में सम्भाग निरीक्षक को दी गई विदाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक सुरेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर उन्नाव संकुल के 7 विद्यालयों के आचार्यों, प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों ने सम्मानपूर्वक विदाई दी। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व वंदना से हुआ। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि प्रबंधक राकेश कुमार ने अंगवस्त्र व उपहार देकर सुरेश कुमार का सम्मान किया। साथ ही नए सम्भाग निरीक्षक अवरीश का स्वागत किया गया। इस अवसर पर दुर्गेश सिंह, बृजेश कुमार मिश्र, चन्द्रेश, अंजू, अनुपम सिंह और रविशंकर श्रीवास्तव सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। सुरेश कुमार ने अपने उद्बोधन में निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत प्रचारक के रूप में की थी। अंत में बृजेश कुमार मिश्र ने आभार व्यक्त किया तथा रविशंकर श्रीवास्तव ने शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन कराया।



उपहार देकर विदाई देते प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

### जिला बदर आरोपी आदेश उल्लंघन में गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी अजय सिंह के अनुसार गुरुवार को दरोगा राजेंद्र सिंह चौहान टीम के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना के आधार पर मोहल्ला गोताखोर शाहीनगर से जिला बदर आरोपी सूरज निषाद पुत्र जगन्नाथ निवासी चम्पापुरवा कोतवाली गंगाघाट को पकड़ा गया। आरोपी पर जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप है। इस संबंध में कोतवाली में उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है और उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट समेत 21 गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## आयोग की उपाध्यक्ष ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने की महिला कल्याण को चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार:** उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने गुरुवार को जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महिला चौपाल, जनसुनवाई व विभिन्न सरकारी संस्थानों का निरीक्षण कर महिलाओं के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं की समीक्षा की।

बिछिया विकासखंड में आयोजित इस महिला चौपाल में करीब 125 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उपाध्यक्ष ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और 4 महिलाओं की गोदभराई व 3 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। उपाध्यक्ष ने श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज जाकर छात्राओं को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय में उन्होंने 8 नवजात बालिकाओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी केयर किट व मिष्ठान बांटकर उन्हें प्रोत्साहित किया। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक व जनसुनवाई में उपाध्यक्ष के समक्ष 4 शिकायतें आईं। उन्होंने 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया और शेष के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम घनश्याम मीना, एएसपी अखिलेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार व सीओ बिन्नी सिंह आदि मौजूद रहे।





समीक्षा बैठक में मौजूद राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष व डीएम। ● अमृत विचार

## सृष्टि कल्याण के लिए हुई द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना:विज्ञानानंद

**उन्नाव, अमृत विचार:** शहर के पीडी नगर स्थित श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर अटल उपवन में श्री शिव महापुराण कथा में संत विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की स्थापना सृष्टि के कल्याण को हुई।

हिंदू धर्म में 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के सबसे पवित्र व स्वयंभू (स्वयं प्रकट) स्थान हैं। जो शिव पुराण के अनुसार ब्रह्मा व विष्णु के बीच श्रेष्ठता विवाद को सुलझाने के लिए प्रकाश के स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। ये भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं। जिनमें सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम व घृष्णेश्वर शामिल हैं। सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रज्ञानं सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित अनुष्ठान में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान रणजीत सिंह भदौरिया, अरुणा भदौरिया, जगवीर सिंह, नीलम सिंह, दिलीप मिश्रा, सोनी मिश्रा, इंद्रमणि मिश्रा संजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह, महामंत्री यज्ञ प्रकाश दीक्षित, राखी शुक्ला, सुमन सिंह, रोली दीक्षित आदि ने पूजन में शामिल होने के साथ व्यास पूजन में भाग लिया।

### बाल श्रम के विरुद्ध छापेमारी में 4 किशोर कराये मुक्त

**उन्नाव, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर पुरवा में बाल व किशोर श्रम अधिनियम के तहत छापेमारी अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी राधे श्याम सिंह व इंदीवर जोशी के नेतृत्व में एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) व चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 3 प्रतिष्ठानों से 4 बाल व किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर मुक्त कराया गया। टीम में सब-इंस्पेक्टर अनिल सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा व चाइल्ड हेल्पलाइन के दिवाकर ओझा व अम्बरीश शामिल रहे। अधिकारियों ने उल्लंघनकर्ता सेवायोजकों को मौके पर नोटिस देते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी और स्पष्ट किया है कि बाल श्रम के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न करें और जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने में सहयोग दें।

**मौसम में बदलाव** | किसान बोले- यह बूंदाबांदी आगामी फसलों की तैयारी व बागवानी के लिए साबित हो सकती है फायदेमंद

# मौसम ने फिर ली करवट, रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी से पारा गिरा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। इसके बाद जिले के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। आसमान में घने बादल छाए रहने व ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दोपहर में जहां सूरज की तपिश लोगों को बेहाल कर रही थी, वहीं आज बादलों की ओट के कारण लोगों को धूप से निजात मिली। राहगीरों व दफ्तर जाने वाले लोगों के लिए यह मौसम किसी तोहफे से कम नहीं रहा। जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में हल्की फुहारों के चलते धूल व प्रदूषण से भी राहत महसूस की गई।

मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऐसे बदलाव देखे जा रहे हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि यह बूंदाबांदी आगामी फसलों की तैयारी व बागवानी के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। वहीं, शहर के पार्कों व चौराहों में लोग सुहाने मौसम का लुत्फ उठाते दिखे। हालांकि, बूंदाबांदी के कारण कुछ निचले इलाकों में हल्की फिसलन की स्थिति भी बनी रही। लेकिन कुल मिलाकर इस मौसम ने लोगों को चिलचिलाती गर्मी से सुकून देने का काम किया है।



गुरुवार को कुछ इस तरह बादलों से घिरा रहा आसमान। ● अमृत विचार

### गर्मी के बीच मौसम हुआ सुहावना, मई में छूटी कंपकंपी

**शुक्लागंज, उन्नाव :** मई की भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बुधवार रात अचानक बदले मौसम ने राहत दी। भोरपहर तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई तो तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और उमस से बेहाल लोगों ने इस बदलाव का स्वागत किया। देररात 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के झोंकों के साथ आसमान में बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते वातावरण ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को भी दिनभर मौसम मेहरबान रहा। धूप न निकलने व बीच-बीच में रिमझिम बारिश होने से मौसम खुशनुमा बना रहा। मौसम के इस बदलाव से जहां लोगों ने राहत महसूस की वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के कारण हल्की असुविधा भी हुई। इसके बावजूद अधिकांश लोगों ने मौसम के इस मिजाज का आनंद लिया और गर्मी से मिली राहत पर संतोष जताया।



मौसम बदलने से आसमान में छाए काले बादल।

### दिव्यांगता के बावजूद साइकिल से चला रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** बचपन में दिव्यांगता का सामना करने वाले आगरा के वाशु राइडर ने कठिन परिस्थिति के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर साइकिल यात्रा शुरू की। हाथ की दो अंगुलियां कटने व पैर में गंभीर चोट के कारण उनका सैनिक बनने का सपना टूट गया, लेकिन उन्होंने देश सेवा का दूसरा रास्ता चुन लिया। दुर्गानगर चुंगी, आगरा निवासी वाशु राइडर ने बताया कि 2 जून 2025 को उन्होंने अपने गृह नगर से साइकिल यात्रा शुरू की थी। शुरू में उनके परिजन इस निर्णय से सहमत नहीं थे, लेकिन उन्होंने उन्हें अपना उद्देश्य बताया। बीते एक वर्ष से वह लगातार साइकिल से यात्रा कर रहे हैं और इस दौरान राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड व मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। यात्रा के दौरान वह स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हैं। साथ ही पेट्रोल-डीजल के सीमित उपयोग और अधिक से अधिक पैदल चलने व साइकिल अपनाने की अपील करते हैं। गुरुवार को वह शुक्लागंज पहुंचे, जहां एक परिचित के यहां ठहरे। उन्होंने बताया कि अगला पड़ाव लखनऊ होगा। वाशु राइडर ने उम्मीद जताई कि उनकी यह यात्रा वर्ष 2028 तक पूरी हो जाएगी। उनके इस सराहनीय प्रयास की विभिन्न राज्यों में प्रशंसा हो रही है और कई जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है।



पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करता दिव्यांग वाशु राइडर।

## न्यूज ब्रीफ

### छत से गिरकर अधेड़ की हुई मौत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार।** भोरपहर तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से बचने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से अधेड़ की छत से गिरकर मौत हो गई। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सादुल्लापुर गांव निवासी हेमराज (55) खेती करता था। बुधवार रात खाना खाकर वह छत पर सोने गया था। गुरुवार भोरपहर 4 बजे तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से बचने के लिए वह नीचे कमरे में आ रहा था। तभी संतुलन बिगड़ने से वह सीढ़ियों से फिसलकर नीचे गिर गया। शोर सुन जागे परिजन उसे घायल हालात में जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना से परिजनों में चीखपुकार मच गई। उसकी मौत से पत्नी व 6 बच्चे बेहाल रहे। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हेमराज के ग्राम प्रधान भतीजे जितेंद्र राजपूत ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार सरैया घाट पर किया गया है।

### तालाब में डूबकर कर हुई युवक की मौत

**पुरवा उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के वजीरगंज मोहल्ला निवासी अमर सिंह उर्फ टिन्नी (27) पुत्र राधे मजदूरी करता था। गुरुवार शाम 3 बजे वह पुरवा-चमियानी मार्ग पर तोपखाना मोहल्ला स्थित तालाब में मछलियां निकालने गया था। मछलियों की तलाश में वह गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। उसे डूबते देख आसपास मौजूद लोगों ने पानी में छलांग लगाकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। सूचना पर पहुंचे परिजन लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# रेलवे कराएगा धार्मिक स्थलों के दर्शन



जानकारी देते रेलवे के अधिकारी।

- भजन, आरती और ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ खास सफर, हरदोई स्टेशन से जुड़ी भारत गौरव ट्रेन



**हरदोई, अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों में धार्मिक स्थलों की यात्रा करने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए इस बार राहत भरी खबर आई है। भारतीय रेलवे की सहयोगी संस्था आईआरसीटीसी ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिए दो विशेष धार्मिक यात्राओं की शुरुआत की है। इन ट्रेनों का लाभ हरदोई जिले के यात्री भी आसानी से उठा सकेंगे, क्योंकि दोनों ट्रेनें हरदोई रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेंगी। स्कूलों की छुट्टियों के दौरान परिवारों में तीर्थ यात्रा का उत्साह बढ़ जाता है, ऐसे में यह सुविधा यात्रियों के लिए काफी उपयोगी मानी जा रही है।

पहली यात्रा 12 जून से शुरू होकर 23 जून तक चलेगी। करीब 12 दिनों की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को देश के सात प्रमुख ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन का संचालन योग नगरी ऋषिकेश से होगा और रास्ते में हरदोई स्टेशन पर भी यात्रियों के चढ़ने और उतरने की व्यवस्था रहेगी। यात्रा के दौरान उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर, ओंकारेश्वर, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन शामिल हैं। इसके साथ पंचवटी, कालाराम मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। दूसरी विशेष यात्रा 29 जून से 10 जुलाई तक संचालित होगी। इस यात्रा में दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों को शामिल किया गया है। श्रद्धालु तिरुपति बालाजी मंदिर, रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर, मदुरै के प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे। यह ट्रेन भी हरदोई रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे जिले के लोगों को अपने शहर से ही यात्रा शुरू करने का मौका मिलेगा।

## ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध

**हरदोई।** वायु नंदन शुक्ला आईआरसीटीसी जॉइंट जनरल मैनेजर टूरिज्मआई ने बताया कि आरसीटीसी ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग श्रेणियों में पैकेज तैयार किए हैं। स्लीपर, थर्ड एसी और सेकेंड एसी श्रेणी में यात्रा की व्यवस्था की गई है। पैकेज में ट्रेन यात्रा के अलावा सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का शुद्ध शाकाहारी भोजन, स्थानीय भ्रमण के लिए बस सुविधा और ठहरने की व्यवस्था भी शामिल है। यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए सुरक्षा और साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। हर कोच में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी, जबकि ऑन बोर्ड कैटरिंग स्टाफ और सफाई कर्मचारी पूरे सफर के दौरान मौजूद रहेंगे। धार्मिक माहौल बनाए रखने के लिए ट्रेन के एक डिब्बे में मंदिर की व्यवस्था भी की गई है, जहां सुबह और शाम आरती होगी। यात्री सफर के दौरान भजन-कीर्तन में भी शामिल हो सकेंगे।आईआरसीटीसी के अधिकारियों ने बताया कि यात्रा की बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। इच्छुक यात्री लखनऊ स्थित पर्यटन भवन कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं। इसके अलावा एलटीसी और ईएमआई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक यात्रा का लाभ ले सकें। रेलवे अधिकारियों और आईआरसीटीसी कर्मचारियों ने यात्रियों से समय रहते बुकिंग कराने की अपील की है।

# शादी में जा रहे परिवार से भरा ऑटो पलटा, कई लोग घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद से पाली क्षेत्र की ओर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के लोगों से भरा ऑटो गोपालपुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे चार-पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया कि ऑटो में कुल नौ लोग सवार थे, जो अपने मौसा रमेश की बारात में शामिल होने टिकुरा थाना पाली जा रहे थे। घायलों में शिवम कुमार पुत्र राम कुमार, मंजू पत्नी राम कुमार, श्रीकांत पुत्र मिश्रीलाल, विशाल पुत्र विनोद तथा शिवसंत पुत्र उद्यान (14) शामिल हैं। सभी लोग ग्राम आठदानपुर थाना बेहटा गोकुल के निवासी एवं एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोपालपुर के पास अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कई लोग चुटहिल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। ऑटो चालक का नाम बृजेंद्र पुत्र राजेंद्र बताया गया है।

# सुपरवाइजर पर पलटा हाइड्रा, दबकर मौत

## कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में हादसे के बाद मची भगदड़, जिम्मेदार मौके से फरार, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, अतरौली, हरदोई



फैक्ट्री में पलटा हाइड्रा और शिवम की फाइल फोटो(इनसेट में)।

**अमृत विचार।** स्टील बेल्ट कंपनी टा सुपरवाइज़र कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में ज़रूरी काम निपटा रहा था, उसी बीच 10 टन का सीधे सुपरवाइज़र के ऊपर पलट गया। जिससे उसकी नीचे दबकर मौत हो गई। गुरुवार को इस तरह का हादसा होते ही फैक्ट्री में भगदड़ होते ही फैक्ट्री के ज़िम्मेदार वहां से निकल भागे। पुलिस ने हाइड्रा के नीचे दबे हुए शव को बाहर निकाला। हादसे की जांच की जा रही है।

बताया गया है कि अतरौली थाने के छावन गांव के पास कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री है। गुरुवार को स्टील बेल्ट कंपनी का सुपरवाइज़र 28 वर्षीय शिवम गौतम पुत्र जगजीवन गौतम निवासी करौनि थाना टिकैत नगर ज़िला बाराबंकी टाइ राड का नंबर लेने पहुंचा हुआ था, कर रहे मजदूर की हाइड्रा गिरने से नीचे दबकर मौत। हाइड्रा चला रहा ड्राइवर और स्टाफ भाग गया। मृतक शिवम गौतम पुत्र जगजीवन गौतम ग्राम करौनि थाना टिकैत नगर जनपद बाराबंकी का रहने वाला था। शिवम गौतम गुरुवार को टाइ राड के ज़रूरी काम के सिलसिले में कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री आया हुआ था, बताते है कि उसी बीच वहां पाइप लाइन का 200 कुंटल ब्रिज हाइड्रा से उठाया जा रहा था, उसी बीच 10 टन हाइड्रा अचानक पलटा और शिवम के ऊपर गिरा और शिवम उसके नीचे दब गया, हादसा होते ही वहां चीख-पुकार के साथ भगदड़ मचते ही वहां के सारे ज़िम्मेदार भाग निकले। आनन-फानन पहुंची पुलिस ने क्रेन से हाइड्रा हटा कर उसके नीचे से शिवम गौतम का शव बाहर निकाला। शिवम दो भाइयों में बड़ा था, उससे छोटा पकंज गौतम है। एसएचओ अतरौली सतीश चन्द्र ने बताया कि शिवम के घर वालो. को सूचना दे दी गई है, उनके और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल जांच की जा रही है।

# ग्रामीणों को एकत्र कर बताई स्व-गणना की तकनीक

- लोगों को एकत्र करने के लिए बजाया गया बिगुल



ग्रामीणों को एकत्र करने के लिए बिगुल बजाते शिक्षक अमित तिवारी।

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** जनगणना 2027 को सफल बनाने व जनता में जागरूकता लाने के लिए शिक्षकों व कर्मियों द्वारा एक अनोखी पहल की गई। इसमें ग्रामीणों को स्वगणना से जोड़ने हेतु बिगुल बजा कर एकत्र किया गया तथा स्व-गणना हेतु सहयोग करने का संदेश दिया गया।

विकासखंड सफीपुर के गांव खुसुरुपुर में प्रगणक अमित तिवारी की अगुवाई में शिक्षकों ने स्व. गणना को सफल बनाने के लिए बिगुल बजाकर ग्रामीणों को एकत्र कर बताया कि आप घर बैठे अपने मोबाइल में पोर्टल खोलकर जिसमें करीब 33 प्रश्न खुलते हैं उन्हें भरना होगा। फॉर्म भरने के बाद 11 अंक की आईडी मिलेगी। जिसे मोबाइल में सुरक्षित रखना होगा। जब प्रगणक घरों की गणना करने आएगा तो उसे दिखाना होगा। जिसे वह चेक करेगा। प्रगणक ने बताया कि जनगणना के आंकड़े प्रदेश की भविष्य की नीतियों, विकास योजनाओं व संसाधनों के बेहतर वितरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व आधारभूत ढांचे के विस्तार में इन आकड़ों की अहम भूमिका रहेगी। जनगणना 2027 के तहत 7 से 21 मई तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर आप स्वयं घर बैठे स्व. गणना कर सकते हैं। यह एक डिजिटल प्रक्रिया है। जिसमें मकानों की स्थिति, परिवार का विवरण व सुविधाओं से संबंधित लगभग 33 सवालों के जवाब देने होते हैं। इस दौरान संतोषी देवी, अर्पित वर्मा, देसराज, सुरेश कुमार, देवेंद्र त्रिपाठी, प्रकाश, मिहिलाल, फूलचंद्र आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, भाई ने जताया संदेह

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत गागन बछौली गांव निवासी युवक की अचानक घर में हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। बड़ा भाई अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था तभी छोटे भाई ने मौत को संदिग्ध बता पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गागन बछौली गांव निवासी राजोले (26) पुत्र स्व. लक्ष्मण दिल्ली में मजदूरी करता था। 1 मई को भांजी सोनी की शादी में शामिल होने आया था। जहां से वह 5 मई की रात घर पहुंचा। जहां उसकी अचानक हालत बिगड़ी और मौत हो गई। बड़ा भाई सियाराम बीते बुधवार अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था तभी मुंबई में नौकरी करने वाले छोटे भाई विमलेश को इसका पता चला तो वह गुरुवार शाम घर पहुंचा और पुलिस को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। उसका आरोप था कि राजोले का बड़े भाई सियाराम की पत्नी से झगड़ा हुआ था। हालांकि सियाराम ने इससे इनकार किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है।



विधायक को उपहार देते लोग। अमृत विचार

## धूमधाम से मनी विधायक की शादी की 25वीं वर्षगांठ

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ मनाई। नगर के एक गेस्ट हाउस में सजे मंच, रंग-बिरंगी रोशनी, शहनाई व डीजे की धुनों के बीच माहौल शादी समारोह जैसा रहा। विधायक व उनकी पत्नी ने जब एक-दूसरे को वरमाला पहनाई तो लोगों ने तालियों और फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया। इस समारोह में नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता, पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, पप्पू त्रिवेदी, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रईस खान पप्पू, इशरत अली उर्फ मुनारे प्रधान, प्रमुख उद्यमी चौधरी संजीव सिंह व कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन डिलीवरी में पहुंचाया एक्सपायरी सोडा, दी गई तहरीर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित एक स्मार्ट पॉइंट एक बार फिर लापरवाही के आरोपों में घिर गया है। बीती 5 मई को जियो मार्ट ऐप के माध्यम से एक उपभोक्ता ने 3 सोडा की बोतल व सर्फ एक्सेल साबुन का ऑर्डर किया था। आधे घंटे में डिलीवरी ब्याय ने सामान पहुंचा दिया। जब उपभोक्ता ने उत्पाद की जांच की तो सोडा की बोतलों पर मैन्युफैक्चरिंग डेट 26 दिसंबर 2025 व एक्सपायरी डेट 25 अप्रैल 2026 अंकित थी। जो डिलीवरी के समय तक समाप्त हो चुकी थी। इस मामले से न केवल संबंधित प्रतिष्ठान की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं, बल्कि उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ का भी गंभीर मामला सामने आया है।

# डा. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर चेहरे पर लेपा गोबर, लोगों में आक्रोश

- हरियावां थाने के नेवादा गांव का मामला, सीओ ने लोगों को समझाकर शांत कराया

**हरदोई, अमृत विचार।** अम्बेडकर स्मारक में लगी डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को कथित तौर पर क्षतिग्रस्त करने और चेहरे पर गोबर का लेप करने का पता होते ही अनुयायियों के बीच तनाव फैल गया। सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान पूरी टीम के साथ पहुंचे। उन्होने ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई और प्रतिमा को दुरुस्त करिने आश्वासन दिया, तब कहीं गुस्सा ठंडा पड़ा। मामला हरियावां थाने के नेवादा गांव का बताया जा रहा है। बताया गया है कि नेवादा गांव के पश्चिम डा.अम्बेडकर स्मारक है, जहां डा.भीम राव अम्बेडकर और भगवान बुद्ध की मूर्तियां स्थापित हैं। गुरुवार सुबह कुछ लोग स्मारक की तरफ पहुंचे, जहां उन्होने डा.अम्बेडकर की प्रतिमा को कथित तौर पर क्षतिग्रस्त क्षतिग्रस्त और चेहरे पर गोबर का लेप लगा पाया। डा.अम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई, वहां आस-पड़ोस के गांव वाले इकट्ठा हो गए। रमाकांत की सूचना पर सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान व एसएचओ हरियावां वीर बहादुर सिंह पूरी टीम के साथ पहुंच कर इस बाबत पूछताछ की। तनाव को देखते हुए सीओ हरियावां श्री चौहान लोगो को समझाते ऐसा खरने वालो.के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिमा को तुरंत दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया, उसके बाद वहां लगी भीड़ का गुस्सा ठंडा पड़ा।उसी बीच अनुयायियों ने प्रतिमा के चेहरे पर लेपा गया गोबर धोया। पुलिस मामले की जांच के लिए एक-एक क्लू खंगालती घूम रही है।

# मांग को लेकर महंत शुभम गोस्वामी ने शुरू की पंच अग्नि हठ साधना



हठ साधना पर बैठे महंत शुभम गोस्वामी।

- सिकंदरपुर सरोसी स्थित ऐतिहासिक लिंगेश्वर महादेव मंदिर में गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति स्थापना की मांग

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** सिकंदरपुर सरोसी स्थित ऐतिहासिक लिंगेश्वर महादेव मंदिर में गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति स्थापना के संकल्प को सिद्ध करने हेतु महंत शुभम गोस्वामी महाराज ने 5 दिवसीय हठ साधना प्रारंभ की है। महंत शुभम गोस्वामी ने गुरु गोरखनाथ मंदिर की स्थापना का संकल्प लेते हुए अग्नि साधना का मार्ग चुना है। इस कठिन साधना के तहत महंत ने अपने चारों ओर गाय के गोबर से निर्मित कंडे जलाकर व अपने शीश पर प्रज्वलित अग्नि रखकर तपस्या कर रहे हैं। यह साधना आगामी 10 मई तक चलेगी। साधना की शुरुआत विधिविधान व शुद्धिकरण के साथ की गई। सबसे पहले महंत शुभम गोस्वामी ने तीर्थस्थल परियर स्थित गंगा से जल लेकर पैदल मंदिर तक यात्रा की। इसके बाद पंचामृत घी, दूध, दही, शहद व गंगाजल से स्नान व विशेष पूजन के बाद वे धुनी रमाकर साधना पर बैठे। उल्लेखनीय है कि भगवान शंकर के अवतार माने जाने वाले गुरु गोरखनाथ योग साधना, आत्म-अनुशासन व हठयोग के प्रवर्तक रहे हैं। उनके दिखाए गए अलख निरंजन के मार्ग का अनुसरण करते हुए महंत शुभम गोस्वामी पूर्व में भी कई योग साधनाएं कर चुके हैं। इस वर्ष लिंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर व श्याम लाल बाबा कुटी के सानिध्य में गुरु गोरखनाथ जी के भव्य मंदिर की स्थापना की जाएगी। इसे लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में उत्साह व श्रद्धा का माहौल है।

# टिन शेड के पाइप में उतरे करंट से युवक की मौत

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** किराना दुकान से नमकीन खरीदने गए युवक की टिन शेड के पाइप में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई।

औरास थानांतर्गत इनायतपुर बर्रा गांव निवासी नितिन (20) पुत्र सुशील कुमार गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे नमकीन खरीदने घर के पास श्याम लाल की मार्केट गया था। जहां दुकान के बाहर पड़े टिन शेड के ऊपर से विद्युत केबिल गया था। जिसके कटे होने से टिन शेड में करंट दौड़ रहा था। दुकान में जाने के लिए नितिन ने जैसे ही टिन शेड के पाइप को पकड़ा वह करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। लोगों ने लकड़ी के डंडे से उसे किसी तरह पाइप अलग किया। लेकिन तब तक वह करंट से गंभीर झुलस गया था। परिजन उसे गांव में एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत देख हाथ खड़े कर दिये। इस पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही मां पूनम बदहवास हो गई। नितिन 3 भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई निखिल व छोटा जतिन है। नितिन गांव में ही बच्चों को कोचिंग पढ़ाता था। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच की। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।


**आवश्यकता है**

**छेदालाल महाविद्यालय**
गौसगंज, हरदोई
संबद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय (लखनऊ)

**बी0ए0-कला वर्ग में-** इतिहास, गृह विज्ञान, चित्रकला
**परास्नातक विज्ञान वर्ग में-**रसायन विज्ञान
**परास्नातक कला वर्ग में-**समाजशास्त्र
इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रपत्रों के साथ 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय में संपर्क करें।
प्रबंधक **-श्री बाबू सिंह**
संपर्क सूत्र- 9794642021

**आवश्यकता है**

**नूर जहां डिग्री कॉलेज**
गोपामऊ, हरदोई
में प्रवक्ताओं की विषय-भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,
**योग्यता-**नेट क्वालीफाई, पीएचडी, वेतनमान योग्यता अनुसार
संपर्क सूत्र-
9918827024, 8299318105

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें


**सूचना**

सर्वसूचित हो की हमारी संस्था की रजिस्ट्रेशन आई डी और अन्य दस्तावेज में संस्था का नाम त्रुटिवश मंगला गौरी सेवा संस्थान (MANGLA GAURI SEVA SANSTHAN) दर्ज हो गया है। जिसे भविष्य हेतु मंगला गौरी सेवा संस्थान (MANGLA GAURI SEVA SANSTHAAN) से जाना पहचाना जाये - **दिनेश कुमार अठवानी पुत्र श्री सुरेश कुमार अठवानी निवासी -559 ख/88, श्री नगर, सिगारं नगर, आलमबाग, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226005**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र फटकर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका वर्ष परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242534318 है। नाम **पलक मोदनवाल पुत्री श्री मुन्नी लाल** है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2329393 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 का अंक पत्र अनुक्रमांक 1712289 कहीं गायब हो गया है। नाम संजीव शेखर पुत्र परमात्मा दीन है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD AMEER BAKSH था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO AMIR BAKSH रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO AMIR BAKSH के नाम से जाना व पहचाना जाये । S/O-PIR BAKSH R/O- SAKRAURA PASHCHIMI COLONELGANJ GONDA 271502

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे एल आई सी संख्या 216655657 में मेरा नाम रानी देवी पत्नी राजेश दर्ज है जबकि मेरे आधार 804003566985 व बैंक खाते में राजरानी दर्ज है। राजरानी उर्फ रानी देवी दोनों नाम उनके हैं, इसी से सभी जानते पहचानते हैं। **राजरानी उर्फ रानी देवी पत्नी राजेश निवासी गोनई पुरवा करुवा करनैलगंज गोंडा।**

**सूचना**

मैं सरोज कुमार पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी व जितेंद्र कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी निवासी ग्राम व पोस्ट बांसा जिला बाराबंकी का निवासी हूँ। मुझे उक्त दोनों नाम से जाना वह पहचाना जाता है भारतीय जीवन बीमा निगम मे मेरी पॉलिसी संख्या 215 419 682 है जिसमे मेरा नाम जितेंद्र कुमार वर्मा है जबकि अन्य सभी में मेरा नाम सरोज कुमार है।

**सूचना**

मैं **अमित पुत्र बनवारीलाल निवासी जिन्दा निवादा माल का पुरवा पो0 कहिंजरी कानपुर देहात,** मेरे आधार कार्ड मेरा नाम अमित पुत्र बनवारीलाल (BANWARI LAL) अंकित है जो शुद्ध व सही है। मेरे इसी नाम अमित पुत्र बनवारीलाल (BANWARI LAL) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाये।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SANTOSH KUMAR VERMA से बदल कर SANTOSH KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:PATIRAM R/O: HARIHARAAPUR MAHARAJA NAGAR SHRAWASTI UTTAR PRADESH 271803

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट सं0- P8619200 में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD FAHEEM अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHD FAHEEM दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में संशोधन कर मेरा नाम MOHD FAHEEM लिखा व पढ़ा जाये। S/o MOHAMMAD KALEEM नि0: 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ, उ0 प्र0।

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD ZAKIR से बदलकर MOHD JAKIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD IBRAHIM ADD-78, RAIS NAGAR TAHSEEN GANJ, DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD ABULKHAIR से बदलकर SYED ABDUL KHAIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SYED CHASME ALAM ADD-538 K/1728, TRIVENI, NAGAR 3RD, NEAR 60 FITA ROAD , ALLU NAGAR DIGURIA, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHIVALAY JAISWAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIVALYA JAYSVAL रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHIVALYA JAYSVAL के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O-GHANSHYAM JAISWAL R/O-5/13/46, GURUDWARA GALI KHAWASPURA, FAIZABAD

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं Firdaus Usman, पत्नी Mohammad Usman निवासिनीः- 262/1, कटरा आजमबेग, बिल्लोच पुरा, लखनऊ - 226004 की हूँ, मेरे पति के पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Firdaus Bano लिख गया हैं, बल्कि मेरे आधार अनुसार मेरा सही नाम Firdaus Usman हैं, दोनों ही नाम एक ही महिला के हैं । आज से मुझे Firdaus Usman के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जाये ।

**सूचना**

मैं रविशंकर कुमार (RAVISHANKER KUMAR) पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी-ग्राम-बगहा थाना-इटौंजा तहसील-बक्शी का तालाब जिला-लखनऊ उ0प्र0, विद्यालय में मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम (UTKARSH GAUTAM) का नाम कियांश (KIYANSH) दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम उत्कर्ष गौतम (UTKARSH GAUTAM) है, जो उसके आधार कार्ड संख्या-5944 0385 3482 व जन्म प्रमाण-पत्र में अंकित है। कियांश व उत्कर्ष गौतम दोनों नाम मेरे पुत्र अर्थात् एक ही बच्चे के ही हैं। मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम को अब व भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम की माता का नाम श्रीमती कान्ति (KANTI) है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम JAGDEEP SINGH CHAWLA था अब मैंने बदलकर अपना नाम JAGDEEP SINGH रख लिया है अब भविष्य में मुझे JAGDEEP SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O, RANJEET SINGH R/O, 551 K/322, SHAKTI NAGAR BHILLAWA ALAMBAGH, LUCKNOW

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट सं0- P8619200 में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD FAHEEM अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHD FAHEEM दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में संशोधन कर मेरा नाम MOHD FAHEEM लिखा व पढ़ा जाये। S/o MOHAMMAD KALEEM नि0: 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ, उ0 प्र0।

**सूचना**

पहले मेरा नाम KANEEZ FATIMA था अब मैंने बदलकर अपना नाम KANEEJ FATIMA रख लिया है अब भविष्य में मुझे KANEEJ FATIMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- ALI HAIDER R/O,110, SAHIBAPUR MEER GAON POST DUMARIYAH, GONDA

न्यूज ब्रीफ

### फीकी पड़ी तरबूज व खरबूजे की मिठास

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई बारिश और मौसम में आए बदलाव का असर अब तरबूज और खरबूजे के कारोबार पर साफ दिखाई देने लगा है। मौसम ठंडा होने से लोगों ने गर्मी के फलों से दूरी बनानी शुरू कर दी है, जिससे बाजार में मांग घट गई और दामों में भारी गिरावट आ गई। इसका असर किसानों के साथ-साथ व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। किसान महेंद्र, हीरालाल, सुखदेव और पृथ्वीराज ने बताया कि कुछ दिन पहले तक तरबूज का भाव 800 रुपये प्रति कुंतल था, लेकिन पिछले दो दिनों में मौसम बदलने के बाद यह घटकर 500 रुपये प्रति कुंतल रह गया है। वहीं खरबूजा, जो पहले 1700 रुपये प्रति कुंतल बिक रहा था, अब करीब 1300 रुपये प्रति कुंतल पहुंच गया है। वहीं तरबूज व्यापारी भूरा, अरसे आलम और शफीक ने बताया कि मौसम बदलने के कारण लोग अब तरबूज कम खरीद रहे हैं। इसका सीधा असर दुकानदारों की बिक्री पर पड़ा है। पहले जहां रोजाना करीब 10 हजार रुपये तक की बिक्री हो जाती थी, वहीं अब बिक्री घटकर लगभग आधी रह गई है।



### तरबूज लेने गए युवक की बाइक चोरी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा बिलग्राम निवासी युवक की बाइक चोरी हो गई, वह जरैला घाट पर तरबूज खरीदने गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काजीपुरा कस्बा बिलग्राम निवासी कफील ने बताया कि वह 5 मई की शाम बाइक से जरैला घाट तरबूज लेने गया था। उसने अपनी बाइक ग्राम करेहका तिराहे के पास खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद जब वह तरबूज लेकर वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब मिली।

# प्रगणक आए तो दें सही जानकारी

## स्वगणना का हुआ शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने जनता से की अपील

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारत की जनगणना- 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सम्बन्ध में स्व-गणना से संबंधित कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद सभागार, कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आरंभ हुआ।

अनुनय झा जिलाधिकारी/ प्रमुख जनगणना अधिकारी तथा प्रियंका सिंह अपर जिलाधिकारी (वि/ रा)/ जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारत की जनगणना- 2027 के प्रथम चरण हेतु स्व-गणना का कार्यक्रम का सुभारम्भ हुआ। उपस्थित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा स्व-गणना की गई। इस अवसर पर



दीप प्रज्ज्वलन कर स्वगणना कार्यक्रम की शुरुआत करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह व जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार रखे गए और अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता से अपील की कि जनगणना कार्य में सभी लोग अपना सहयोग करें और सही जानकारी प्रगणक को दें। ताकि जनता को सरकारी योजनाओं को अधिकतम लाभ मिल सके और भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सके। जिलाधिकारी ने जनगणना के आंकड़ों एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों को इस बात का निर्देश दिया कि जनगणना संबंधी समस्त कार्य ससमय और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल है और समस्त नागरिक अपनी गणना स्वयं करके डेटा की गोपनीयता और गुणवत्ता के साथ राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अपना योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर माधवेन्द्र प्रताप सिंह (रानू) सदस्य विधान सभा सवायजपुर, रामपाल सदस्य विधान सभा बालामऊ, प्रेमावती वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत, सुखसागर मिश्र अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जनगणना की तैयारियां तेज : 1362 कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय जनगणना के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बिलग्राम तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। तहसील क्षेत्र में चयनित गणना कर्मियों और सुपरवाइजरों को इन दिनों प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बिलग्राम नगर स्थित बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रशिक्षक जनगणना से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दे रहे हैं।

तहसीलदार यशवंत सिंह ने बताया कि बिलग्राम तहसील के अंतर्गत बिलग्राम, माधोगंज, मल्लावां व साड़ी क्षेत्र के आंशिक भाग शामिल हैं। जनगणना कार्य



मतगणना कर्मियों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

के लिए कुल 1362 कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिनमें लगभग 1100 प्रगणक तथा शेष सुपरवाइजर बनाए गए हैं। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा, जिसमें मकानों की गणना की जाएगी। इसके बाद अगले चरण में अन्य जानकारियां एकत्र की जाएंगी। प्रशिक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 28 प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है, जो बैचवार प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ भी सक्रिय सहयोग कर रहा है।

# खेत में पेड़ पर फंदे से लटकी महिला, युवकों ने बचाई जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** महिला से हुए आपसी झगड़े के चलते एक महिला पेड़ में फांसी पर लटक चुकी थी,लेकिन उसी बीच खड़े युवकों की नज़र पड़ गई, युवक दौड़े और अपनी सूझबूझ से फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

बेनीगंज कोतवाली के घनश्याम नगर निवासी मनोज की पत्नी आरती ने बुधवार देर शाम गांव के दक्षिण खेतों की तरफ गई,वहां उसने पेड़ में फांसी लगा ली,वहीं से थोड़ी दूर पर गांव के कुंदन,नीरू और शैलेंद्र खड़े थे,उन्होने दौड़ कर आरती के गले में पड़ा फंदा काट कर उसे बेहोशी की हालत में नीचे उतार कर एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कोथावां पहुंचाया,जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,वहां उसका इलाज हो रहा है। चार बच्चों की मां आरती ने गांव की महिला से हुए आपसी झगड़े के चलते ऐसा कदम उठाया,कोई अनहोनी होती,उससे पहले ही फरिश्ता बन कर पहुंचे उन तीनों युवकों ने अपनी सूझबूझ से मौत को मात देते हुए आरती की जान तो बचाई,साथ ही उसके चार छोटे-छोटे बच्चों की ज़िंदगी और मनोज का घर-परिवार बिखरने से बचा लिया।

### डंपर और डीसीएम की टक्कर, चालक घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कटरा -बिल्हौर हाइवे पर एक गेस्ट हॉउस के सामने डीसीएम और मौरंग लदे डंपर की टक्कर में डीसीएम चालक घायल हो गया। घायल को पुलिस ने सीएचसी मल्लावां में भर्ती कराया गया। कस्बे के महमदपुर के आगे माधौगंज की ओर से आ रही डीसीएम से बांगरमऊ की तरफ से आ मौरंग लदे के बीच जोरदार भिड़ंत में डीसीएम चालक मिथलेश (50) पुत्र हरिपाल निवासी कांदी कानपुर देहात घायल हो गया और डंपर अनियंत्रित होकर खाईं में जा गिरा। हादसे में घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# दूल्हे के भाई से हंसी-ठिठोली में बिगड़ी बात, बैरंग लौटी बारात

अगली सुबह कोतवाली में पंचायत में फैसले के बाद दुल्हन की हुई विदाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनवासे में बारातियों को नाश्ता कराया जा रहा था। उसी बीच दूल्हे के भाई ने कोल्ड ड्रिंक की मांग की। उधर दुल्हन के रिश्ते के भाई ने उससे हंसी-ठिठोली कर दी। बस इतनी सी बात पर ऐसा बवाल हुआ कि दूल्हा बैरंग लौट गया। अगली सुबह कोतवाली में पंचायत में हुए फैसले के बाद दुल्हन की विदाई हुई।

दरअसल मामला हरियावां थाने के करौंधियाई मजरा बगौछा की है। बुधवार को पिहानी कस्बे के मोहल्ला मीर सराय निवासी



पंचायत के फैसले के बाद भांवर से पहले पाणिग्रहण संस्कार करता दूल्हा।

श्रीकृष्ण कुशवाहा के बेटे सालिक कुशवाहा की बारात करौंधियाई के वीरेंद्र के दरवाजे पर पहुंची। बाराती बैंड बाजे पर थिरकते हुए जनवासे तक पहुंचे, वहां नाश्ता हो रहा था, उसी दौरान दूल्हे के भाई ने कोल्ड ड्रिंक मांगी। दुल्हन के रिश्ते के भाई ने उसके साथ हंसी-ठिठोली कर दी। बस उतने से बात ऐसी बिगड़ी कि दूल्हा बैरंग लौट गया। हालांकि नाते-रिश्तेदारों ने बात बनाने की तमाम कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। अगली सुबह पूरा मामला पिहानी कोतवाली पहुंचा। वहां इधर-उधर की बातें हुई। सारे गिले-शिकवे सुने गए। उसके बाद फैसला हुआ कि दूल्हा सिर्फ 5 बारातियों को लेकर जाएगा। ऐसा ही हुआ दुल्हा सालिक कुशवाहा गुरुवार की सुबह गिने-चुने बाराती लेकर ससुराल पहुंचा। वहां दोनों ने विवाह की रस्में पूरी कर दुल्हन को विदा करा लिया।

### रिश्तों की खटास खत्म कर घोली मिठास

श्रीकृष्ण कुशवाहा और वीरेंद्र के बीच नई रिश्तेदारी हो रही थी। लेकिन उससे पहले खटास पड़ गई। नई जिंदगी में प्रवेश कर रहे दुल्हा-दुल्हन विवाद को भूलकर हंसी-खुशी ज़िंदगी जिएं, यही सोचकर भाजपा नेता मुजाबिर हुसैन ज़ैदी और बगौछा के प्रधान दिनेश सिंह आगे आए। उन दोनों ने बिगड़ने की कगार पर पहुंच चुकी रिश्तेदारी को नई रफ्तार दी और दोनों परिवारों को समझाया।

# सड़क पर जल्दबाजी में हार गए जिंदगी की बाजी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी से वापस लौट रहा बाइक सवार शहर से वापस घर जा रहे बाइक सवार से टकरा गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई, जबकि एक बाइक सवार की पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई, जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बुधवार की रात बिलग्राम रोड पर जो हादसा हुआ, उसके पीछे घर पहुंचने की जल्दबाज़ी सामने आई है। हालांकि पुलिस हादसे से जुड़े हर एक पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

बताते चलें कि कोतवाली शहर के लक्ष्मी पुरवा (सक्सेना वाली गली) निवासी रमेश शर्मा हिमांचल प्रदेश की एक कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार को पत्नी रमाकांत के साथ



रमेश और धीरज की फाइल फोटो।

रिश्तेदारी में सुरसा गया था। वहीं से देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था। इधर सुरसा थाने के गोंदहइया मजरा खजुरहरा निवासी धीरज चौरसिया अपने चाचा रामविलास चौरसिया के साथ पान की दुकान पर बैठता था, वह बाइक से गांव जा रहा था। उसी बीच मढ़िया पुलिया के पास पहुंचते ही दोनों की आमने-सामने ज़ोरदार टक्कर हो गई,जिसमें रमेश शर्मा, उसकी पत्नी रमाकांती और दूसरी बाइक पर सवार धीरज चौरसिया बुरी तरह ज़ख्मी हो गया था। पुलिस ने तीनों को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां पहुंचते ही रमेश और धीरज चौरसिया की मौत हो गई, जबकि रमाकांती का इलाज चल रहा है।

### बेटियां दरवाजे पर टकटकी लगाए देख रहीं थी राह

रमेश शर्मा पत्नी रमाकांती को लेकर बच्चों को घर में अकेला छोड़कर रिश्तेदारी में गया था। इधर देर होने पर बेटियां खाना तैयार कर चुकी थीं। रमेश की पांच बेटियां और बेटा है। बेटियां दरवाज़े पर टकटकी लगाए माता-पिता की राह देख रहीं थीं। उसी बीच हादसे का पता होते ही रोते-बिलखते हुए घर से बाहर भाग निकलीं। उन्हे यकीन नहीं हो रहा था कि कुछ देर पहले फोन पर बात हुई तो रमेश शर्मा ने उन्हे रास्ते में होना बताया था, उसके कुछ ही देर बाद मौत की खबर आ गई।

### धीरज के दो भाइयों की पहले ही हो चुकी थी मौत

धीरज चौरसिया अपने तीन भाइयों में छोटा था,उसकी शादी नहीं हुई थी। मां-बाप के न रहने के बाद उससे बड़े दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी थी। धीरज अपने घर में अकेला था। उसकी मौत के बाद वहां कोई दिया जलाने वाला भी नहीं बचा। आस-पड़ोसियों का कहना है कि पहले धीरज के घर काफी खुशहाली थी,भाइयों के बीच के अपनेपन की लोग मिसालें दिया करते थे,लेकिन अब वहां सिर्फ और सिर्फ मौत का सन्नाटा रह-रह कर कचोट रहा है।

### बाइक और साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-हरदोई मार्ग पर पुसेड़ा गांव के पास गुरुवार को एक बाइक और साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार साइकिल सवार ओमनाथ (60) निवासी ग्राम गुरौली थाना बिलग्राम सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में ओमनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक सवार करन (19) पुत्र रमेश निवासी मोहल्ला रफ्यतगंज, बिलग्राम भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट धूमधाम से मनाएगा रजत जयंती वर्ष, होंगे चार भव्य कार्यक्रम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक स्थानीय गांधी भवन में गुरुवार को ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी डा. ए. पी. सिंह की अध्यक्षता में रजत जयंती वर्ष हेतु प्रथम कार्यक्रम रोजगार मेले के लिए आयोजित की गई। डा. सिंह ने बताया कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसलिए रजत जयंती के अवसर पर वर्ष भर में कम से कम चार भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी ने बताया कि चार कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहला कार्यक्रम रोजगार मेला सेवायोजन के सहयोग से,दूसरा



बैठक करते वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, तीसरा पुण्यात्मा अमिय कृष्ण चतुर्वेदी की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों में जिन बालिकाओं ने जिले का नाम रोशन किया, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अंतिम कड़ी के रूप में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सचिव ने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन मई माह दिनांक 23 दिन शनिवार को होगा। इस हेतु कई कंपनियों ने रोजगार मेले में आने की सहमति भी जताई है। रोजगार प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होनी चाहिए।



अवैध निर्माण ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार

### कब्रिस्तान में बनीं दुकानों पर चला बुलडोजर

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के बिलग्राम रोड स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर गुपचुप तरीके से अवैध दुकानें बना दी गई थी। इसकी शिकायत जब नगर पालिका तक पहुंची तो जांच कराई। जांच में किसी भी अनुमति के बिना दुकानें बनाने का मामला सामने आया। गुरुवार को पालिका की टीम ने बनाई गई दुकानों को ढहा दिया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रामेंद्र सिंह ने कहा कि कब्रिस्तान जैसी जगह पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है। ऐसे अवैध निर्माणों को पालिका नहीं बख्शेगी।

# आउटसोर्स व संविदा कर्मियों को समय से वेतन देने की मांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले से आए हुए संविदा कर्मचारियों व संगठन पदाधिकारी ने बैठक कर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा राज्य स्तरीय संगठन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की लखनऊ में 3 मई को बैठक हुई थी, जिसमें प्रदेश के समस्त जिले के आए पदाधिकारी व स्टेट कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार आज जनपद के कर्मचारी संगठन पदाधिकारी जिले में बैठक कर सीएमओ को ज्ञापन



सीएमओ कार्यालय में ज्ञापन देने आए संविदा कर्मचारी व पदाधिकारी। अमृत विचार

सौंपा। जिसमें वेतन भुगतान न होने पर कर्मचारियों ने रोष जताया।

एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष डॉ जावेद खान ने बताया कि जनपद के समस्त संविदा कर्मचारी व आउटसोर्स कर्मचारियो का वेतन भुगतान न होने से जनपद के कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है संविदा कर्मचारियों का माह मार्च व अप्रैल का वेतन अभी तक न मिलने से कर्मचारियों के बच्चों की स्कूल की फीस रूम का किराया खाना-पीना रोजमर्रा की ज़रूरतें मासिक किस्त भी टूट गई हैं कर्मचारी विवश होकर राज्य स्तरीय संगठन के निर्णय के अनुसार अगर 20 मई तक सैलरी नहीं मिली तो नो वर्क नो पे की थीम अपनाते हुए जनपद व प्रदेश के समस्त कर्मचारी 20 मई से धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। संघ के महामंत्री डॉ राम लखन गुप्ता अनुज ने बताया कि कर्मचारी बिना वेतन के कार्य करने में असमर्थ हैं। बैठक में शिवकुमार, शाहिद, प्रेम कुमार, नीरज गुप्ता, रफी, डॉ. हन्नान, जाकी, मृदुल, पारुल, छाया, राहुल, विकास, असित साफी, रानी, अजय, आदि लोग मौजूद रहे।

### नव विवाहिता घर से लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक गांव से विवाहिता के लापता होने के मामले में पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित पति के अनुसार उसका जल्द ही विवाह हुआ है। 5 मई की शाम 4 बजे उसकी पत्नी बिना बताये कहीं चली गई। बाद में अज्ञात नंबर से मोबाइल पर उसे बताया कि वह घर छोड़कर जा रही है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश की जा रही है।

प्रशिक्षण | गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं में आयरन की कमी दूर करने को दिया प्रशिक्षण

# गंभीर एनीमिया में वरदान जैसी है एफसीएम थेरेपी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं में खून की कमी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है।

जनपद के एक होटल महेंद्र में मैटरनल इनीशिएटिव के तहत एफ़आरयू फर्स्ट रेफरल यूनिट) संडीला, बिलग्राम, हरपालपुर एवं पिहानी पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों को एनीमिया मुक्त भारत दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य



स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण देते सीएमओ डा. भावनाथ पाण्डेय।

करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावनाथ पाण्डेय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं में एनीमिया की शीघ्र पहचान करना, मध्यम और गंभीर रूप से एनीमिक महिलाओं को एफआरयू पर रेफर करना, लाभार्थियों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से ट्रैक करना तथा आयरन और फोलिक एसिड की खुराक और गंभीर मामलों में आयरन सुक्रोस या ब्लड ट्रांसफ्यूजन के माध्यम से त्वरित उपचार प्रदान करना है। प्रशिक्षण केजीएमयू तथा टेक्नीकल सपोर्ट यूनिट के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण में आये प्रशिक्षार्थियों को एफसीएम थेरेपी के बारे में जानकारी दी गयी जो एनीमिया के तीव्र उपचार में वरदान साबित होगा। इस मौके पर केजीएमयू से डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. प्रशांत मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर यूपीटीयू, मिथिलेश पाठक वरिष्ठ राज्य स्तरीय विशेषज्ञ, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, डॉ. चिराग यूपीटीयू, डॉ. विशाल यूपीटीयू से आदि मौजूद रहे।

### दो दिन यातायात पूर्ण रूप से रहेगा प्रभावित

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां -माधौगंज रेलवे लाइन फरहत नगर पर ओवर हॉलिंग कार्य के चलते दो दिन सड़क यातायात पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगा। मल्लावां -माधौगंज फरहतनगर रेलवे क्रासिंग (फाटक) 61/बी पर 8 और 9 मई को ओवर हॉलिंग कार्य के चलते शुक्रवार सुबह 8 बजे से शनिवार शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। हरदोई बिलग्राम की ओर से आने वाले वाहन माधौगंज चौराहा से सेलापुर रोड से मटियामऊ बाया राघौपुर मल्लावां पहुंचेंगे तथा मल्लावां की तरफ से आने वाले वाहन राघौपुर मटियामऊ रोड से माधौगंज चौराहा पर निकलेंगे। यह जानकारी इंजीनियर सीनियर सेक्शन इंजीनियर उप्र रेलवे सफीपुर ने पत्र जारी कर दी।

# सांसद की आपत्ति के बाद जिला प्रशासन ने बदलवाया बुद्ध चौक का लोकार्पण पत्थर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बुद्ध चौक के लोकार्पण का पत्थर तमाम जद्दोजहद के बाद आखिरकार बदल गया। लोकार्पण पत्थर में अपना नाम न होने पर सांसद जयप्रकाश ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद जिला प्रशासन ने गुरुवार को दूसरा पत्थर लगवाया।

बताते चलें कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन सिनेमा चौराहे पर बुद्ध की प्रतिमा लगाई गई। बुद्ध चौक के लोकार्पण अवसर पर लगे शिलापट्ट में केवल आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का ही नाम अंकित था। इस बात को लेकर सदर सांसद




पहले लगाया गया पत्थर।




गुरुवार को लगाया गया नया पत्थर।

जयप्रकाश ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने अपनी भूल को सुधारते हुए गुरुवार को पुराना पत्थर हटा कर नया पत्थर लगवा दिया। इसमें मंत्री व सांसद दोनों के नाम दर्ज हैं। बताते चलें कि एक ही पार्टी में होने के बावजूद आबकारी मंत्री व सांसद जयप्रकाश के बीच लगातार बयानबाजी चल रही है। दोनों के बीच काफी दूरियां बढ़ी हुई हैं। खेतुई से पिहानी चुंगी तक फोर लेन मार्ग को स्वीकृति दिलाने का श्रेय लेने को लेकर दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी चल रही है।

न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी

सीतापुर। जिलाधिकारी राजागणपति आर. के निर्देश पर औषधि और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार शाम शहर के मेडिकल स्टोरों व दवा एजेंसियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। औषधि निरीक्षक अनीता कुरील के नेतृत्व में टीम ने ग्रीनगंज इलाके में स्थित कई प्रतिष्ठानों की जांच की।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

लहरपुर/हरगांव। लहरपुर-लखीमपुर मार्ग पर शाम वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। थाना हरगांव के ग्राम कटेसर निवासी कमलेश सिंह (55) पुत्र पुतान सिंह बृहस्पतिवार शाम अपनी साइकिल से सब्जी लेने के लिए सलारपुर बाजार जा रहे थे। रास्ते में किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे राहगीर की मौत हो गई। लहरपुर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि हादसा हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ है।

### विधायक अनिल वर्मा ने 30 संपर्क मार्गों के निर्माण की उठाई मांग

लहरपुर/सीतापुर। सपा विधायक अनिल वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर 30 चिन्हित संपर्क मार्गों को आगामी कार्य योजना में शामिल करने की मांग की है। विधायक ने 'अनजुड़ी बसावट छूटी कड़ी' योजना के अंतर्गत टकेली अल्हाना मार्ग, बैजनाथ का पुरवा, बजरिया, जामिन नगर, बाकरगंज, राही से कैम्हरा वजीरपुर और शरीफपुर कसमंडा से जीता मऊ खुर्द सहित कुल 30 मार्गों के नवनिर्माण का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी से इन मार्गों को वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में सम्मिलित करने का अनुरोध किया है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर कटे, गंभीर

सिधौली। कस्बे के महमूदाबाद चौराहे के पास स्थित रेलवे क्रासिंग पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नाजुक हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। बताते हैं कि कस्बे के मोहल्ला प्रेमनगर दक्षिणी निवासी अमन कौशल (23) पुत्र नीरज कौशल देर रात घर का सामान लेने के लिए बाजार गया था। महमूदाबाद रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय वह सीतापुर से लखनऊ जा रही गोरखपुर एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक के दोनों पैर शरीर से अलग हो गए। गंभीर हालत में घायल युवक को सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

### नौ वांछित व वारंटी गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस ने विभिन्न थानों से 9 वांछित और वारंटियों को गिरफ्तार किया। लहरपुर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित रोहित और एक अन्य वारंटी संदीप कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना खैराबाद पुलिस ने भी दहेज अधिनियम के तहत वांछित शैलेंद्र कुमार और चंद्रभान को गिरफ्तार किया। अटरिया, सिधौली व कमलापुर में क्रमशः वारंटी गुड्डू, रिजवान और मुजफ्फर को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, थाना कमलापुर पुलिस ने प्रकाश और विशेश्वर को गिरफ्तार किया।

### शिक्षक पर जनगणना ड्यूटी में धनउगाही का आरोप, जांच की मांग

सिधौली। विकास खंड सिधौली के अंतर्गत बीआरसी कार्यालय में संबद्ध एक शिक्षक पर जनगणना ड्यूटी के नाम पर धनउगाही करने का गंभीर आरोप है। ग्राम अलादादपुर निवासी आकाश त्रिपाठी ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कम्पोजिट विद्यालय के उक्त शिक्षक, जो वर्तमान में बीआरसी कार्यालय में संबद्ध हैं, जनगणना ड्यूटी के आवंटन में खेल कर रहे हैं।

### चोरी की साजिश रचते दो शातिर गिरफ्तार

लहरपुर/सीतापुर। लहरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की योजना को विफल करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से अवैध असलहे और चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। लहरपुर पुलिस टीम ने ये गिरफ्तारी निबौरी ग्राम के पास की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू उर्फ रघुवंश निवासी निबौरी और संतोष निवासी सोंन्सरी के रूप में हुई है।

# सड़क हादसे में चाची-भतीजे की मौत

रामपुरकलां/सीतापुर।



घटना के बाद जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार चाची-भतीजे की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम लौना निवासी 19 वर्षीय विशाल पांडे अपनी 60 वर्षीय चाची ज्ञान देवी को बाइक से लेकर महमूदाबाद बाजार जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक बजाज एजेंसी के पास पहुंची, तभी एक

- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू

अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बिसवां/सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़े युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक दर्दनाक मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद उसका बेटा बाल-बाल बच गया। सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी सुरेश पुत्र स्व. लाला अपने बेटे के साथ बाजार गए थे। देर शाम वे सड़क किनारे खड़े थे, तभी एक चौपहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में सुरेश की मौत हो गई, पुत्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राम राघव ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पलटी रेलवे सामान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 10 बाल-बाल बचे

संवाददाता, मानपुर। सीतापुर-बिसवां मार्ग पर रेलवे का सामान लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे के वक्त ट्रॉली पर ड्राइवर समेत 10 लोग सवार थे, जो चमत्कारिक रूप से बाल-बाल बच गए। ठेकेदार कृष्णकांत निवासी नरायनपुर, कृष्णानगर के अधीन संचालित यह ट्रैक्टर-ट्रॉली



खंती में पलटी ट्राली।

सीतापुर से बिसवां की ओर जा रही थी। बखरिया गांव के पास चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सीधे खंती में जा गिरा। ट्रॉली पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए ड्राइवर व मजदूर अवधेश, कुलदीप, बबलू, सुरेश, शौरभ, अर्पित, सुरजीत, वाहिद और नेता को सुरक्षित बाहर निकाला। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि ट्रॉली में रेलवे का निर्माण सामग्री लदा था।

### स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर ईओ ने परखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, सिधौली। अमृत विचार : नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ईओ रेणुका यादव ने कस्बे के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के फील्ड सर्वे की तैयारियों के दृष्टिगत उन्होंने सफाई कर्मियों और संबंधित पटल के कर्मचारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए।

ईओ ने वार्ड नंबर-1 बहादुरपुर स्थित कान्हा गौशाला, एमआरएफ सेंटर और कंपोस्ट पिट सेंटर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड तुलसीनगर, बहादुरपुर और सिद्धेश्वर नगर की गलियों में घूमकर सफाई व्यवस्था देखी। अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने बताया कि स्वच्छता के क्षेत्र में सिधौली नगर पंचायत को पूर्व में भी पुरस्कृत किया जा चुका है। इस बार भी क्षेत्र को शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सफाई नायक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# दोषियों की अपील खारिज, भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** 'बिल्डिंग ध्वस्तीकरण कांड' में जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष जैन ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने चार दोषियों की अपील को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया और निचली अदालत द्वारा दी गई दो-दो साल की सजा को बरकरार रखा। फैसले के बाद दोषियों को जेल भेज दिया गया।

**12 साल पुराना है मामला:** घटना 11 जून 2013 की है, जब पिसावां चौराहे पर स्थित पीड़ित रामनरेश यादव की बिल्डिंग को जेसीबी से ढहा दिया गया था। इस

- बिल्डिंग ध्वस्तीकरण कांड में कोर्ट ने सुनाया फैसला

बिल्डिंग में ग्रामीण बैंक संचालित था। आरोप था कि बेशकीमती जमीन पर कब्जे की नीयत से सत्ता के रसूख के दम पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया था।

**इनकी बरकरार रही सजा:** मामले में दोषी नत्थू, सुनील, सुधीर और जेसीबी चालक रविंद्र ने निचली अदालत अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को सुनाई गई सजा के खिलाफ अपील की थी। जिला जज ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर सजा को पुष्ट कर दिया है।

### करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मी की मौत

नैमिषारण्य / औरंगाबाद। बेलहरी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 11 हजार लाइन के तार जोड़ते समय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।



संदीप (फाइल फोटो)

बेलहरी निवासी संदीप (40) पुत्र मूलचंद्र गांव के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन 11 हजार वोल्ट के तारों की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर संदीप बुरी तरह झुलस गया। परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया।

# वट वृक्ष के सौंदर्यीकरण को लेकर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

संवाददाता, लहरपुर/सीतापुर।



निरीक्षण के दौरान उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर वट वृक्ष के चारों ओर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी वट सावित्री व्रत पर्व के मद्देनजर कार्य को 16 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

पक्का तालाब तीर्थ पर स्थित इस प्राचीन वट वृक्ष का विशेष धार्मिक महत्व है, जहां प्रतिदिन और विशेषकर वट सावित्री पर्व पर भारी संख्या में महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए आती हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पालिका द्वारा वृक्ष के चारों ओर टाइल्स, स्टील की रेलिंग और आकर्षक विद्युत लाइटें लगवाई जा रही हैं। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कृष्णकांत मिश्रा, सभासद सोनू रस्तोगी और उमंग मल्होत्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए पीएलवी को दिए निर्देश

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में और जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के निर्देशानुसार पराविधिक स्वयं सेवकों पीएलवी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने उपस्थित समस्त स्वयं सेवकों को क्षेत्रों में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं और कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। सचिव आलोक यादव ने सभी पीएलवी को निर्देशित किया कि वे आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय लोक अदालत' को लेकर ग्रामीणों और आमजनमानस को जागरूक करें।

# पलटा ऑटो देख रूका मंत्री का काफिला

संवाददाता, इमलिया (सुल्तानपुर)।



पुलिसकर्मियों संग पलटे ऑटो को उठवाते मंत्री जितिन प्रसाद व जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ऐलिया ब्लॉक के दौरे पर थे, इसी दौरान उनकी संवेदनशीलता की एक मिसाल देखने को मिली। परेई मोड़ के पास सड़क किनारे एक ऑटो पलटा देख मंत्री ने अपना काफिला रुकवा दिया और खुद ऑटो सीधा कराने उतर पड़े।

दरअसल, मंत्री का काफिला कोरैया गांव की ओर जा रहा था, तभी उन्होंने देखा कि एक ऑटो पलटा हुआ है, जिसमें एक बुजुर्ग और बच्चा फंसे थे। मंत्री जितिन प्रसाद अपनी गाड़ी से उतरे और ऑटो उठाने लगे। उन्हें ऐसा करते देख भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश

- केंद्रीय मंत्री ने बढ़ाए मदद के लिए हाथ, दी राहत

शुक्ला, कार्यकर्ता और सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी भी ऑटो सीधा कराने में जुट गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने मंत्री के इस कार्य की जमकर सराहना की। इस मौके पर रामेंद्र शुक्ला, नैमिषरत्न तिवारी, डॉ. बलबीर यादव, अमित अग्निहोत्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 मई को दवा बाजार रहेगा बंद, विरोध में उतरे व्यापारी

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर आगामी 20 मई को जिले का पूरा दवा बाजार बंद रहेगा। ऑनलाइन दवा बिक्री ई-फार्मेसी और बड़े कॉरपोरेट्स की मनमानी नीतियों के विरोध में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस बंदी का सीतापुर के थोक व फुटकर दवा विक्रेताओं ने पूर्ण समर्थन किया है।

एसोसिएशन की बैठक में रणनीति बनाते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि 20 मई को करीब 20 करोड़ रुपये का कारोबार ठप रहेगा। व्यापारियों का आरोप है कि ऑनलाइन बाजार में अधोमानक घटिया दवाओं की बिक्री बढ़ रही है और उचित भंडारण न होने से दवाओं की गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है, जो जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। महामंत्री बसंत गोयल ने कहा कि केमिस्ट समुदाय वर्ष 2018 से इन मुद्दों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन सरकार का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। अध्यक्ष गोपाल टंडन ने कहा कि संभावित असुविधा से बचने के लिए जरूरी दवाएं पहले ही खरीद लें। बैठक में उपाध्यक्ष शैलेश महेंद्र, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी, प्रदीप धवन, ललित भट्ट और सुजीत श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्वगणना 2027: कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में 'स्वगणना 2027' के संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेल्फ सर्वे का प्रशिक्षण देकर गणना कार्य संपन्न कराया गया। एडीएम ने सभी विभागाध्यक्षों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक 'सेल्फ इन्यूमेरेशन' स्व-गणना सुनिश्चित करें और अधीनस्थों को इसके लिए प्रेरित करें। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू' और मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने आमजन से अपील की है कि वे स्वगणना 2027 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### बकाया न चुकाने पर 10 लाख की आम की बाग कुर्क

मिश्रिख/सीतापुर। बैंक ऋण की अदायगी न करने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहनगर में एक आम की बाग को कुर्क कर लिया है। कार्रवाई नायब तहसीलदार विवेक तिवारी के नेतृत्व में राजस्व और बैंक अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। फतेहनगर निवासी राम औतार पर बैंक का करीब 10 लाख 41 हजार 976 रुपये का ऋण बकाया था। लंबे समय तक राशि जमा न करने पर बैंक ने राजस्व विभाग से वसूली की गुहार लगाई थी। नायब तहसीलदार ने बताया कि बकायेदार को कई बार नोटिस जारी कर अवसर दिया गया था, लेकिन भुगतान न होने पर नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय अमीन सत्येंद्र कुमार, दिनेश प्रताप सिंह, कुमुद कुमार शुक्ला व बैंक मैनेजर मौजूद रहे।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

मानपुर। मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर से आने वाली छोटी नहर में रामनगर गांव के पास एक अज्ञात शव मिलने से खलबली मच गई। शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। बताते हैं कि इलाके का चौकीदार किसी कार्य से नहर की ओर गया, तो उसने शव को पानी में उतराते देखा। शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 39 वर्ष प्रतीत होती है। शव करीब 7-8 दिन पुराना लग रहा है।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

लहरपुर/सीतापुर। भुसैला में देर शाम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि रवि वर्मा ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। उद्घाटन मैच हरगांव और कला बहादुरपुर की टीमों के बीच खेला गया। मैच में हरगांव की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 80 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में कला बहादुरपुर की टीम संघर्ष करते हुए मात्र 72 रन ही बना सकी और उसे 8 रनों से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता चंदा, कबीर खान और अब्दुल खान के सहयोग से आयोजित की गई है। इस मौके पर लकी वर्मा, साहिल, धर्मेंद्र, सनी, अनुराग सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

सीतापुर। रामपुर कला क्षेत्र के शंकरपुर गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। बाराबंकी निवासी मीनू की शादी करीब दो साल पहले शंकरपुर निवासी अजय के साथ हुई थी। मृतका के भाई विकास का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मीनू को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। बुधवार सुबह मीनू का शव घर में फंदे से लटका देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रैक्टर मालिक को पीटा, केस दर्ज

बिसवां। कोतवाली बिसवां इलाके के ग्राम कोठारपुरवा मजरा जंगलबिलास में खेत में खड़े ट्रैक्टर से बैटरा चोरी कर रहे युवकों ने विरोध करने पर ट्रैक्टर मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विवेक गौतम पुत्र अमरनाथ के मुताबिक, खेत में उनका ट्रैक्टर खड़ा था। देर रात कुछ लोग ट्रैक्टर से बैटरा चुराने का प्रयास कर रहे थे, तभी विवेक वहां पहुंच गए। जब उन्होंने चोरी का विरोध किया, तो आरोपियों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जंगलबिलास निवासी संदीप पुत्र जगदीश, धर्मेंद्र पुत्र कुंवरपाल, पंकज पुत्र शिवनाथ, रंजीत पुत्र खेमकरन सहित दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



जल ही जीवन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### जल ही जीवन : 400 छात्र-छात्राओं ने ली जल सहेजने की शपथ

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय शिक्षण संस्थान आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत जल संरक्षण का संदेश गूंजा। इस दौरान विद्यालय के लगभग 400 छात्र-छात्राओं व स्वयंसेवकों ने 'बूंद-बूंद जल' सहेजने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कहा कि जल ही जीवन है। उन्होंने बच्चों को बहते हुए जल को रोकने और पानी की बर्बादी न करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण अधिनियम के तहत जल को सुरक्षित रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में विनोद कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, अजीम अहमद, नीता सिंह, शैल सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे।

### मिड-डे मील में निकले कीड़े, वीडियो वायरल

संवाददाता, लहरपुर / सीतापुर।

**अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट तारनपुर में मध्याह्न भोजन मिड-डे मील की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें स्कूली बच्चे परोसी गई तहरी में कीड़े होने और घटिया क्वालिटी का भोजन देने का आरोप लगा रहे हैं। वायरल वीडियो में बच्चे अपनी थाली दिखाते हुए खाने की शिकायत कर रहे हैं। किसी ग्रामीण या राहगीर द्वारा बनाया गया यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने बताया कि उन्हें इस संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लिया गया है। अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है।




मुख्य अतिथि को बुके देते अधिवक्ता। अमृत विचार

### तर्कसंगत होनी चाहिए अधिवक्ताओं की बहस : न्यायाधीश

संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार : लहरपुर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को बार सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र पांडे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि अधिवक्ताओं की बहस न्याय संगत, विधि संगत और तर्कसंगत होनी चाहिए। सचिव व कोषाध्यक्ष को ग्राम न्याय अधिकारी मनुज कृष्णा मिश्रा ने शपथ दिलाई। वहीं, उपाध्यक्ष अतुल कुमार, सुजीत कुमार, ओम प्रकाश मिश्रा, सर्वेश तिवारी व इमामुद्दीन को सीजीएम ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जवाहरलाल मिश्रा, बाल कृष्ण वर्मा, मोहम्मद यूनुस खान, प्रमोद बाजपेई, सरोज अवस्थी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लेटर छोड़ चुराई मशीन, काम न आने पर लौटाने आया तो पकड़ा गया

संवाददाता महमूदाबाद।

**अमृत विचार:** महमूदाबाद में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दुकान से रोटरी वेटर मिट्टी बराबर करने वाला यंत्र चुराया और पीछे एक भावुक पत्र छोड़ गया। हालांकि, मशीन काम की न निकलने पर जब वह उसे वापस करने पहुंचा, तो ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया।

आरोपी सुयश पटेल निवासी लबरहा अपने एक साथी के साथ दुकान से रोटावेटर समझकर रोटरी वेटर उठा ले गया था। मौके पर मिले पत्र में उसने लिखा था, बुरे हालात और दोस्तों की मजबूरी के कारण यह कदम उठा रहा हूं, तीन



भीड़ की पकड़ में आरोपी।

**चोर की अनूठी 'मजबूरी'**

- महमूदाबाद इलाके का है मामला आरोपी हुआ गिरफ्तार

साल में पैसे वापस कर दूंगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर और मशीन बरामद कर ली है। पुलिस मामले



आरोपी द्वारा लिखा गया पत्र।

की जांच कर रही है।

**वापस रखने आया तो खुला राज:** चोरी गई मशीन जब आरोपियों के किसी काम नहीं आई, तो वे उसे ट्रैक्टर पर लादकर वापस दुकान पर रखने पहुंच गए। इसी दौरान दुकानदार को भनक लग गई और उसने ग्रामीणों की मदद से दोनों को पकड़ लिया।



विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के मौके पर अभियान के तहत छात्रों को जागरूक करते जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी।

### 'सुमन-के' विधि से हाथ धोकर बीमारियों को दें मात

संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार : विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य, शिक्षा और आईसीडीएस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'डायरिया से डर नहीं' अभियान के तहत बच्चों व अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज, लालबाग में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को हाथ धोने के सही तरीकों का अभ्यास कराया गया। प्रधानाध्यापिका रत्ना शुक्ला ने बताया कि साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोना डायरिया और अन्य संक्रामक रोगों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने 'सुमन-के' सीधा, उल्टा, मुट्ठी, अंगूठा, नाखून और कलाई फॉर्मूले के माध्यम से हाथ सफाई के छह चरणों की विस्तार से जानकारी दी।

न्यूज ब्रीफ

### बाइक फिसलने से युवक घायल, रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हलोर के पास बुधवार की रात प्रदीप कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी डींगर का पुरवा की बाइक फिसल कर गिर गई। जिससे बाइक सवार प्रदीप घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्रदीप का प्राथमिक उपचार कर हालात नाजुक देखते हुए जिला रेफर किया।

### कार की टक्कर से बालक घायल

**सेमरी, रायबरेली।** उन्नाव जिले के अकटी गांव निवासी श्रीमती गौतम की सेमरी चौराहे पर स्थित दुकान के सामने उनका बेटा आदित्य गौतम खड़ा था, तभी सरेनी की ओर से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक सड़क से दूर जा गिरा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने खाया जहर

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बरिगांव मजरे जोगापुर में पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे युवक ने विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अहियारायपुर निवासी पुष्पेन्द्र अग्निहोत्री बुधवार सुबह अपनी पत्नी शीलू देवी को मायके से विदा कराने पहुंचे थे। पत्नी ने ससुराल जाने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे हालत बिगड़ गई।

# सड़क दुर्घटनाओं में युवक समेत दो की मौत, एक गंभीर

## लालगंज और बछरावां थाना क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत हो गई। वहीं की एक की हालत गंभीर बनी हुई है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे जबर सिंह मजरे मैदेमऊ गांव निवासी सुरेश सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह और नरेंद्रपुर निवासी बबलू सिंह के साथ बाइक से जा रहे थे। लालगंज-बछरावां मुख्य मार्ग पर मेरुई गांव मोड़ के निकट तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुरेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं बबलू को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सुरेश की मौत पर पत्नी उषा सिंह समेत परिवारजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक दो पुत्र धनंजय सिंह, रणविजय सिंह व एक पुत्री नैंसी सिंह है। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के के गौतमन खेड़ा गांव का रहने वाला शिवकुमार पुत्र महादेव निमंत्रण में भवानीगढ़ शिवगढ़ गया था। वह वापस अपने घर लौट रहा था जैसे ही वह तिलेंडा गांव के पास पहुंचा सामने आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दूसरा मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गया। घायल शिवकुमार को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सक ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।


बछरावां सीएचसी में घायल का इलाज करते चिकित्सा कर्मी। अमृत विचार

### अज्ञात कार की टक्कर से महिला घायल

**संवाददाता बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां- मौरावां मार्ग पर स्कूटी से अपने मायके से ससुराल आ रही एक महिला को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला क्षनीता कुमारी पत्नी राजकुमार अपने मायके रघुनाथ खेड़ा गई थी। गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे स्कूटी से वापस अपनी ससुराल विशुनपुर आ रही थी। इसी दौरान विशुनपुर गांव के पास किसी अज्ञात कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सीएचसी बछरावा लाया गया। हादसे के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल, रेफर

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़-महराजगंज मार्ग पर जगदीशपुर मोड़ के पास बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में निहाल खेड़ा मजरे भौसी निवासी 20 वर्षीय देवा पुत्र दिनेश कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि देवा शिवगढ़ बाजार से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था, तभी सामने से अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायल युवक को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जाएगी।

## साइबर ठगी के दो वांछित आरोपी किए गिरफ्तार

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी (डिजिटल अरेस्ट) मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने बंटू सिंह पुत्र सुखबीर, निवासी बनेल, थाना पहासो, जनपद बुलंदशहर को बस स्टैंड के पास से तथा युवराज सिंह पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी ग्राम बरवाल, थाना कैलाखेड़ा, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) को सई नदी घाट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गौरतलब है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी सूर्यभान सिंह की पत्नी को "डिजिटल अरेस्ट" का भय दिखाकर आरटीजीएस के माध्यम से विभिन्न खातों में धनराशि ट्रांसफर कराने से संबंधित है।


स्मार्ट मीटर लेकर पावर हाउस जातीं महिलाएं। अमृत विचार

### महिलाओं ने उपकेंद्र में जेई के सामने फेंके स्मार्ट मीटर

**सलोन, रायबरेली।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को करहिया बाजार ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने अपने-अपने घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़ कर विद्युत उपकेंद्र पहुंच गई। विरोध प्रदर्शन करते हुए जेई के स्मार्ट मीटर फेंक दिया। सूचना पर बिजली विभाग के एक्सईएन, एसडीओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बावजूद महिलाएं उनकी बात सुनने को तैयार नही थी। बाद जेई अमित वर्मा के सूझबूझ के चलते महिलाओं का गुस्सा शांत हुआ। और पुन: मीटर लगाने की बात पर राजी हुए। स्मार्ट प्रीपेड मीटर बेशक विद्युत विभाग के राजश्व बढाने का अच्छा संसाधन हो गया है, लेकिन आम जनमानस के लिए यह सिर दर्द बना हुआ है। प्रचंड गर्मी में स्मार्ट मीटर कब उपभोक्ता की बिजली गुल कर दे, इसी बात से नाराज दर्जनों महिलाएं गुरुवार को स्मार्ट मीटर उखाड़ कर सड़क पर उतर आई। गुरुवार को करहिया पावर हाउस प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं ने विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

# बीएसएफ जवान के माता-पिता से लाखों की लूट

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब सूरज ढलते ही बाइक सवार दो लुटेरों ने अपनी बाइक से निमंत्रण में जा रहे बीएसएफ जवान के माता- पिता को निशाना बनाते हुए लूट की घटना को अंजाम दे दिया। लुटेरे पीड़ित के पास से नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात पार कर फरार हो गए। लूट की इस वारदात से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और लोग स्थानीय पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के दूलमपुर मजरे कुंदनगंज गांव के रहने वाले संतराम पुत्र भगवानदास बीते बुधवार की देर शाम अपनी पत्नी शंभू देवी के साथ अपनी एक रिश्तेदारी में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम के निमंत्रण में शामिल होने के लिए घुरौना पोस्ट हरदोई जा रहे थे। वह जैसे ही करनपुर गांव के आगे स्थित डेयरी से 500 मीटर आगे बढ़े, तभी दो अज्ञात युवक बाइक से आकर रोकवा लिया। आरोप है असलहा दिखाते हुए उनसे 3500 रुपये व पत्नी से गले की चैन, मंगलसूत्र, झुमकी, अंगूठी व अन्य जेवरात लूट लिए। इसके बाद कुंदनगंज की तरफ फरार हो गए। लूट की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। वहीं पीड़ित संतराम के द्वारा स्थानीय थाने में घटना की तहरीर देकर कार्यवाही करने की बात कही गई है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। वहीं जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि पीड़ित संतराम का बेटा बीएसएफ में तैनात है, जिसके द्वारा घटना की जानकारी जनपद के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार को भी दी गई है। रात में एसपी रवि कुमार और एएसपी आलोक सिंह के द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल पर जांच की गई है। वही एसटीएफ के द्वारा भी मामले की छानबीन की जा रही है। गुरुवार को उक्त मामले में क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार पुलिस संग सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल कर जांच करने में जुटे हुए हैं।


सीसीटीवी फुटेज देखते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# संगठनात्मक बैठक में दिया बूथ जीत का मंत्र

**डलमऊ, रायबरेली।** भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के नेतृत्व में सरेनी विधानसभा के मंडलों की संगठनात्मक बैठके हो रही हैं है। भाजपा डलमऊ मंडल की बैठक नगर पंचायत कार्यालय में बुलाई गई, जिसमें प्रवासी और प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने मंडल टीम का सत्यापन करते हुए कहा कि संगठन की सबसे मजबूत इकाई 'मंडल' है। मंडल संगठनात्मक बैठकें पार्टी की रीढ़ मानी जाती हैं। इन बैठकों में शक्ति केंद्र स्तर तक के कार्यकर्ताओं, मंडल पदाधिकारियों की भागीदारी होती है। इस दौरान शक्ति केंद्रो की बैठक तय हुई। जिला उपाध्यक्ष दल बहादुर सिंह ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, 'मन की बात', और केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना होता है। मंडल अध्यक्ष प्रदीप लोधी और मंडल महामंत्री शुभम गौड़ ने हर कार्यकर्ता को बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि मंडल बैठकें संगठन को अनुशासित, सक्रिय और चुनाव के लिए सदैव तैयार रखती हैं। भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि जमीनी और बूथ स्तरीय नेटवर्क ही भाजपा की चुनावी सफलता का आधार है। बाबू तिवारी ने स्वदेशी जागरण मंच के तहत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की चर्चा की। बैठक में 11 मई को स्वदेशी जागरण के प्रति जागरूकता हेतु रैली निकालने की भी बात तय हुई। रवींद्र सिंह, राधेश्याम पाल, शुभम गौड़, उमेश सिंह, शैलेंद्र लोधी, अमरेश पांडे, महेंद्र पटेल, दिनेश त्रिपाठी, जितेंद्र पटेल रहे।


भाजपा डलमऊ मंडल की संगठनात्मक बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

### श्री चित्रगुप्त की दो दिवसीय संगीतमयी कथा कल से

**संवाददाता, रायबरेली।** भगवान श्री चित्रगुप्त चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 9 और 10 मई को दो दिवसीय भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रिफर्म क्लब लॉन 'ए', अस्पताल चौराहा में संपन्न होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय हिन्दू संत महासभा के अध्यक्ष जगतगुरु चक्रपाणि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। वहीं श्री चित्रगुप्त पीठ वृन्दावन धाम से कथा व्यास जगतगुरु श्री चित्रागुप्ताचार्य के मुख मंडल से भगवान चित्रगुप्त कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कायस्थ समाज की ओर से जिले में पहली बार आयोजित इस कथा को लेकर कायस्थ समाज एवं श्रद्धालुओं के मध्य विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जहां जिले के साथ ही विभिन्न जिलों से भी लोगों के आने की संभावना है। मुख्य आयोजिका समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस कथा में अधिक से अधिक लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एड. कुलदीप श्रीवास्तव और संरक्षक डॉक्टर रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि कथा में देश के सुप्रसिद्ध संत-महात्माओं एवं विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचन से श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। साथ ही भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महिमा एवं मानव जीवन में उनके आदर्शों पर आधारित दिव्य संगीतमय कथा का रसपान कराया जाएगा। पहले दिन नौ मई की शाम को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कथा का शुभारंभ होगा।


चित्रगुप्त की कथा के बारे में जानकारी देतीं अनीता श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव और डॉ. रमेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने दी हॉट बाजार की सौगात

**शिवगढ़, रायबरेली।** राज्यमंत्री (स्वतत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहुदाखुर्द को हॉट बाजार की बड़ी सौगात दी है। इसकी जानकारी एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा ने देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के बहुदाकला गांव में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक हॉट बाजार का निर्माण कराया जाएगा। इसका शिलान्यास बीती 5 मई को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया जा चुका है। लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली जनपद की सीमा पर स्थित बहुदाकला में हॉट बाजार बनने से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बाजार बनने से तीनों जनपदों के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रधान अनिल वर्मा समेत क्षेत्र के लोगों ने राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।


दिनेश प्रताप सिंह।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर में एक 35 वर्षीय युवक का शव फंदे पर लटका मिला। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मचा है। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उक्त गांव निवासी हरकेश कुमार (35) पुत्र हनुमान बुधवार की शाम खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार की सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे, जहां का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गये। कमरे में युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद परिवार में चीख पुकार मच गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ उनके दरवाजे पर एकत्र हो गई । घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच-पड़ताल कर रही है।

### सीसी रोड निर्माण का किया शुभारंभ



सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ करते अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने रुद्र नगर वार्ड नंबर छह में चंदापुर रोड रोड से महदेई के मकान तक जाने वाले रास्ते पर सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ किया। 20 .98 लाख की लागत से सीसी रोड के साथ कवर्ड नाली व पथ प्रकाश की व्यवस्था भी होगी। रुद्रनगर के सभासद रामकुमार यादव ने बताया कि यह रास्ता बन जाने से वार्ड के लोगों के लिए आवागमन में सुगमता होगी। वार्ड के विकास के लिए अभी कई महत्वपूर्ण योजनाएं आनी है। इस मौके पर अंकुर वैश्य, नूरुल हसन, विजय धोनी, पीयूष साहू समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।


दुर्घटना के दौरान खाई में पलटी डंपर। अमृत विचार

### डंपर-पिकअप में टक्कर से दो चालक घायल

**सलोन, रायबरेली।** रायबरेली-जौनपुर एनएच-31 पर राजापुर माफी के पास गुरुवार तड़के तेज रफ्तार डंपर और सब्जी से भरी पिकअप की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए, जबकि डंपर सड़क किनारे खाई में पलट गया। टक्कर के बाद सड़क पर सब्जियां बिखर गईं और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। घायल डंपर चालक पवन शुक्ला निवासी फतेहपुर तथा पिकअप चालक नसीर निवासी प्रतापगढ़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे, जिसके चलते हादसा हुआ। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रघुनाथ खेड़ा गांव में करंट लगने से श्रमिक गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रघुनाथ खेड़ा गांव में टेंट लगा रहा एक युवक हाई टेंशन बिजली की की चपेट में आ गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल अंशु पाल पुत्र फट्टू निवासी बेहंटा वीर क्षेत्र के एक टेंट हाउस में काम करता है। गुरुवार को वह एक वैवाहिक कार्यक्रम में टेंट लगाने कुटी रघुनाथ खेड़ा गया था। वहां पर टेंट लगाते समय ऊपर से निकली 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन में पाइप छू जाने से वह करंट की चपेट में आ गया।

# हिंदुओं की एकता से बंगाल में मिली जीत: अनूप पांडे

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण के पांडे के बेटे अनूप पांडे ने पश्चिम बंगाल की शानदार विजय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए वहां की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। कहा कि बंगाल की जीत को हिंदुओं की एकता की जीत है। सरेनी विधानसभा के भाजपा नेता अनूप पांडे ने खुशी जताते हुए कहा कि बंगाल की जीत सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। क्रांतिकारी भावना का जागरण भी पश्चिम बंगाल से हुआ था। आजादी के बाद भी यहां की भूमिका अहम रही है। यहां के लोगों ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हाल के चुनाव परिणामों ने बड़ा संदेश दिया है। जनता अब मुस्लिम तुष्टिकरण और हिंदुओं का विरोध करने वालों को पसंद नहीं कर रही है। वहां की ममता सरकार ने बांग्लादेशी मुसलमानों को बढ़ाकर हिंदुओं का जमकर शोषण किया है।



### नौकरी दिलाने के नाम पर 18 हजार की ठगी

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के टिकरा खैरहनी पहाड़गढ़ गांव की एक युवती ने नौकरी दिलाने के नाम पर 18 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़िता शीला पुत्री रामसजीवन ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि वह मनरेगा में मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। आरोप है कि भगवानपुर बढ़ैया गांव के एक युवक ने उसे प्राइवेट कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 18 हजार रुपये ले लिए। पैसे लेने के बाद न तो उसे नौकरी दिलाई और न ही रकम वापस की गई। पीड़िता के अनुसार जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शहद उत्कृष्टता केंद्र का किया निरीक्षण


शहद उत्कृष्टता केंद्र की जानकारी लेते न्यूजीलैंड-एपीडा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**शिवगढ़, रायबरेली।** नपं के शिवगढ़ कस्बे में निर्माणाधीन शहद उत्कृष्टता केंद्र 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का गुरुवार को न्यूजीलैंड और एपीडा के प्रतिनिधि मंडल ने निरीक्षण किया। उद्यान विभाग द्वारा हाईटेक वेजिटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई के बगल में निर्मणाधीन शहद उत्कृष्टता केंद्र का निर्माण अंतिम चरण में है। केंद्र के शुरू होने के बाद शिवगढ़ का शहद देश-विदेश के बाजारों में पहुंच कर लोगों की जुबां पर शहद की मिठास घोलेगा, जिससे क्षेत्र के मधुमक्खी पालकों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एपीडा, न्यूजीलैंड के साथ मिलकर "हनी एक्शन प्लान" पर काम कर रहा हैं। प्रतिनिधि मंडल में शामिल व्यापार योजना कार्यान्वयन एमपीआई टीम प्रमुख प्रमुख सलाहकार ईशान जयवर्धन, मधुमक्खी पालन तकनीकी प्रबन्धक बायरन पीटर टेलर, कृषि सलाहकार एनजेडएचसी मेलानी फिलिप्स, कृषि साझेदारी प्रबन्ध, प्रियम अरोरा, कृषि साझेदारी प्रबन्ध, सुदेशना रे सहित पांच सदस्यीय टीम द्वारा सेंटर आफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मायाराम, हरिनाम सिंह, हरिगोविंद मौर्य, रामहर्ष, प्रगतिशील कृषक नन्दकिशोर तिवारी आदि रहे।

लिया जायजा

जिला चिकित्सालय में औचक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में मिलीं खामियां, सुधार के दिए निर्देश

# टूटे दरवाजे और बदहाल शौचालय देख चढ़ा जिलाधिकारी का पारा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गुरुवार को जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के औचक निरीक्षण में डीएम सरनीत कौर ब्रोका को गुमराह करने में अस्पताल प्रशासन सफल रहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। मगर बिना दरवाजा वाले टूटे व बदहाल गंदे पड़े शौचालयों तक उनके कदम ही नहीं पड़े। सीएमएस डॉ. पुष्पेंद्र कुमार के चार्ज संभालने के बाद से बर्न वार्ड के सामने स्थित बिना दरवाजा वाले शौचालय जिनमें एक भी दरवाजा नहीं है। वार्ड 2 और 3 की तरह ही अन्य शौचालयों का भी बुराहाल है। जबकि उन्हें बहुत अच्छे से मालूम है कि अगर मरीज को दस्त या उल्टी जैसी समस्या है, तो उसे बार-बार शौचालय जाना पड़ सकता है। यदि शौचालय बदहाल (बिना पानी, बिना कुंडी के, या गंदे) हों, तो यह मरीजों (महिला, पुरुष) के लिए बेहद कष्टदायक और उनकी लज्जा भंग होने जैसी प्रतीत होती है। पहले से की गई सोची समझी रणनीति में इस बार फिर जिला अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से तब सफल हुआ जब डीएम को औचक निरीक्षण के दौरान कमियों तक पहुंचने ही नहीं दिया। यही कारण है कि यहां पर व्याप्त शौचालय से लेकर स्टाफ कर्मियों द्वारा मरीजों से किया जाने वाला व्यवहार आदि कमियों पर पर्दा पड़ा रहा और मरीजों व उनकी तीमारदारों को पहले की तरह असुविधाओं का सामना आगे भी करना पड़ेगा। इस दौरान डीएम ने साफ-सफाई, सैनिटाइजेशन, पेयजल, शौचालय और प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश देते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों का उपचार करने की हिदायत दी है।


जिला अस्पताल में बर्न वार्ड के सामने शौचालय के टूटे हुए दरवाजे। अमृत विचार


इमरजेंसी में फार्मासिस्ट से बातचीत करतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका। अमृत विचार

**वसूली वाले महिला अस्पताल नहीं पहुंचीं डीएम:** हर बार की तरह से बार फिर जिला पुरुष चिकित्सालय के निरीक्षण में हमेशा मरीजों से सुविधा शुल्क वसूलने की चर्चा में रहने वाला जिला महिला अस्पताल डीएम नजर से ओझल हो गया। जब कोई अफसर कभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना होता है तो वह जिला पुरुष चिकित्सालय के निरीक्षण तक ही सीमित रह जाता है। जबकि जिला महिला अस्पताल में अंदर खाने चल रही मरीजों से सुविधा शुल्क वसूली कई बाद बेपर्दा हुई, मगर जिले के जिम्मेदारों की शिथिलता के कारण धीरे-धीरे न सिर्फ उसका पटाक्षेप कर दिया गया, बल्कि फिर से पुराने ढर्रे वही रवैया शुरू हो गया।

न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में हुई मारपीट में युवक घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के पूरे सुखई मजरे अतरेहटा गांव निवासी राहुल ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि सोमवार को गांव के ही प्रतिपक्षी व उनकी पत्नी आए और उससे उसका घर खाली करने के लिए दबाव बनाने लगे। बात न मानने पर बुलडोजर से घर खाली कराने की भी धमकी दी। घर खाली करने का विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे चोटे आई। प्रतिपक्षी के खिलाफ मिलएरिया थाने में अपराधिक केस भी दर्ज है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जानकारी जुटाई जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

### कागज की नाव नदी में डालते समय मासूम डूबा, शव बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार।** चौधरी चरण सिंह घाट पर एक मासूम की नदी में डूबने से मौत हो गई। वह बुधवार शाम कागज की नाव नदी में डाल रहा था। गुरुवार सुबह उसका शव नदी से बरामद हुआ। लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया इलाके में रहने वाले भगौती प्रसाद अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे हैं। उसी के पास पड़ी खाली जगह में तंबू लगाकर रहते हैं। उनके साथ उनकी पत्नी और चार साल का बेटा अनुराग भी रहता था। भगौती प्रसाद ने बताया कि अनुराग बुधवार शाम सात बजे वह लापता हो गया। काफी ढूंढने पर भी पता नहीं चला। कुछ लोगों ने अनुराग के घटनास्थल के ओर जाने की जानकारी दी व बताया कि वह कागज की नाव नदी में डाल रहा था। सूचना पर जल पुलिस ने अनुराग की रात 10 बजे तक तलाश की पर उसे सफलता नहीं मिली।

# जिलाधिकारी ने परखी पेयजल परियोजनाओं की हकीकत

## विकासखंड जामों के रामपुर चौधरी गांव पहुंचे अधिकारी, दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पाइप पेयजल परियोजनाओं की हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी संजय चौहान गुरुवार को विकासखंड जामों के ग्राम रामपुर चौधरी पहुंचे। उन्होंने परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था, ओवरहेड टैंक की साफ-सफाई, पाइपलाइन और रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह-शाम के साथ आवश्यकता पड़ने पर दोपहर में भी नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी गांव में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर पानी सप्लाई की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने कई घरों में जाकर स्वयं नल खोलकर पानी की उपलब्धता जांची। मौके पर नियमित जलापूर्ति मिलने पर उन्होंने संतोष जताया। ग्रामीणों ने भी पेयजल व्यवस्था को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

डीएम ने अधिकारियों को पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने तथा ओवरहेड टैंक समेत सभी संरचनाओं की समय-समय पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के तत्काल निस्तारण पर भी जोर दिया। अधिशासी अभियंता ए.के. राव ने बताया कि योजना के तहत 11 मजरों और दो राजस्व गांवों के 620 घरों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।



रामपुर चौधरी गांव पहुंच कर पेयजल परियोजनाओं की जानकारी लेते डीएम। अमृत विचार



विकास भवन का निरीक्षण करतीं सीडीओ पूजा साहू। अमृत विचार

### सीडीओ के निरीक्षण में कई अफसर गैरहाजिर

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने गुरुवार सुबह विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जबकि अधिकांश कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और कार्यालय व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब पाई गई। इस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का 7 मई का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने तथा स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालयों में कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कई कार्यालयों में फाइलें बिखरी हुई थीं, अलमारियों पर संकेतक नहीं लगे थे और कंप्यूटर तार अव्यवस्थित पाए गए। कुछ कार्यालयों में धूल और गंदगी भी मिली। मनरेगा सेल और जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय की व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर पाई गई, हालांकि वहां भी सुधार के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से आईडी कार्ड धारण करने और नाम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की योजनाओं से संबंधित सूचना पट और बैनर प्रदर्शित करने को कहा।

## अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** सेमरौता कस्बे के एक युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें युवक अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए दिखाई पड़ रहा है। युवक इलाज मे लापरवाही से माँ की मौत की बात कह रहा है। बृहस्पतिवार को सेमरौता कस्बे के एक युवक सिराज अहमद का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें युवक तिलोई स्थित स्वशासी मेडिकल कालेज के चिकित्सकों व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगा रहा है। आरोप है कि रात मे इमरजेंसी के दौरान मरीज को किसी भी प्रकार की चिकित्सिय सुविधा नहीं मिलती। मरीज की हालत गंभीर होने पर भी कोई कर्मचारी देखने के लिए नहीं आता जिससे उसकी माँ बदरूँनिशा की मौत हो गई। आरोप है कि जब चिकित्स्कों को आपातकालीन स्थित मे बुलाने जाओ तो कोई भी मरीज को देखने नहीं आता। फिलहाल अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## सऊदी में नौकरी के लिए 80 पदों पर होगी भर्ती

**अमेठी, अमृत विचार।** रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए विदेश में नौकरी पाने का अच्छा अवसर सामने आया है। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि IPS Powerful People संस्था के माध्यम से सऊदी अरब में विभिन्न पदों पर लगभग 80 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि भर्ती के तहत फैब्रिकेशन सुपरवाइजर, मैकेनिकल हेल्पर, पाइप फैब्रिकेटर, नर्स, सहायक नर्स समेत कई पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता एवं शर्तों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के पास वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य है। इसके साथ ही हाईस्कूल, डिप्लोमा (मैकेनिकल), आईटीआई, मैकेनिक एवं फिटर ट्रेड से संबंधित योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जॉबसीकर के रूप में रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा, अनुभव और अन्य आवश्यक जानकारियां भी पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

## कलेक्ट्रेट से जनगणना अभियान हुआ शुरू

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को जनगणना अभियान की औपचारिक शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ हो गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं जिला जनगणना अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने स्वयं ऑनलाइन स्वगणना कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर राष्ट्रीय जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार नागरिकों को स्वगणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे।



स्वगणना कर अभियान की शुरुआत कराते डीएम व एसपी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रक्रिया अपनाए जाने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक परिवार तक सही जानकारी पहुंचाने और आमजन को जागरूक करने की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जनगणना को देश की विकास योजनाओं और नीतियों के लिए महत्वपूर्ण आधार बताते हुए नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## हैंडपंप खराब, पानी का संकट बरकरार

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** पेयजल की सुविधा को लगाए गए हैंडपंप खराब हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी में लोगों में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। बार बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। तापमान का पारा लगातार चढ़ रहा है और भीषण गर्मी के बीच हर समय लोगों के हलक सूखे रहते हैं। लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए हैंडपंपों के भरोसे रहना पड़ता है।

विकास क्षेत्र महराजगंज के बसकटा गांव में राम लखन के घर के पास लगा हैंडपंप कई सालों से खराब हैं। जिससे उस मोहल्ले के लोगों को पेयजल की किल्लत बनी हुई है। उसी मोहल्ले के रहने वाले राजाराम, रामदयाल, पुत्तीलाल, राम प्रकाश, विनोद, मोहन आदि ग्रामीणों का कहना है कि यह हैंडपंप पिछले चार साल से ऐसे ही खराब पड़ा है। कई बार इसकी मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान से कहा गया फिर भी जिम्मेदारों ने इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं के पुत्तीलाल का कहना है कि गुरुवार को उसकी बेटी की शादी है। हैंडपंप बिगड़े होने से बाहर से पानी पीने के पानी की व्यवस्था कराई गई है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि गांव में लगे कई हैंडपंपों को कागजों पर रिबोर की रिपोर्ट लगाकर भुगतान हो जाता है। धरातल पर हैंडपंप जर्जर पड़े हैं। जमुरवां गांव के ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह का कहना है कि जानकारी नही है। ग्राम प्रधान पति दयाशंकर का कहना है कि कई बार इस हैंडपंप की मरम्मत के लिए कहा गया लेकिन लोगों ने कहा कि सबमर्सिबल पंप से पीने के पानी की व्यवस्था हो जाती है। रिबोर की आवश्यकता नहीं है।



जर्जर इंडिया मार्का हैंडपंप। अमृत विचार

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** जिले के विकास खंड अमेठी के तुलापुर कोडरी गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व गुरुवार को भक्तिमय माहौल में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कथा शुक्रवार से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्रवण हेतु उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अमर सिंह की उपस्थिति में यह यात्रा शुरू हुई। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा कोडरी गांव से प्रारंभ हुई। यह यात्रा नुवांवा, कटरा हुलासी, उमापुर गाना पट्टी, दुवेपुर, पूरे प्रेम जैसे गांवों से गुजरी। यात्रा का अगला पड़ाव देवी पाटन मंदिर था, जहां श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चना की। पूजन के बाद कलश यात्रा पुनः कोडरी गांव स्थित कथा स्थल पर पहुंची। मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न गांवों के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। देवी पाटन मंदिर में विशेष पूजन अर्चना की गई। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बद्री पाल सिंह के यहां किया जा रहा है। कथा व्यास योगेश्वराचार्य जी महाराज अपने प्रवचनों से भक्तों को ज्ञान प्रदान करेंगे। कलश यात्रा में पत्रकार सी पी मौर्य, राकेश कुमार सिंह, विजय पाल सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुकेश, महेश, सूरज और सुनील भी यात्रा का हिस्सा बने। भक्तों ने सिर पर कलश सजाकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।



तुलापुर कोडरी गांव से निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## 17 किलो गांजा संग तीन गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमेठी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन चक्रव्यूह के दौरान गौरीगंज और मोहनगंज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में कुल 17 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। गुरुवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में एसपी सरवणन टी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस टीम बुधवार रात संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से 10 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान घनश्याम कुमार शुक्ल निवासी पूरे बल्दी मजरे रेहुआ लालगंज थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से गांजा बेचने का काम कर रहा था। उसने खुलासा किया कि मोबाइल फोन पर वेब एप के जरिए "जीएस" नामक व्यक्ति से संपर्क कर प्रयागराज के सहसों क्षेत्र से गांजा लाता था। बाइक के वैध कागजात न दिखाने पर पुलिस ने वाहन को भी सीज कर दिया।



मामले का खुलासा करते एसपी सरवणन टी। अमृत विचार

## मोबाइल हैक होने से युवक हुआ ठगी का शिकार

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर मजरे बरौंडी निवासी एक युवक का मोबाइल ठगों ने हैक कर उसके खाते से पांच हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित युवक की आईडी के व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के जरिए ठग विभिन्न लोगों को सन्देश भेज कर ठगने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित ने साइबर सेल और थाना खीरों को लिखित सूचना देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। लालपुर मजरे बरौंडी निवासी अमर बहादुर लोधी ने बताया कि तीन दिन पूर्व अज्ञात साइबर ठगों ने मेरा मोबाइल हैक कर लिया। मेरी आईडी से व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी हैक कर मेरे खाते से पांच हजार रुपये निकाल लिए। जरूरत पड़ने पर जब मैं बैंक से पैसे लेने गया तो मुझे ठगी और धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके अलावा मेरे मोबाइल में मेरे जिन मित्रों के नम्बर मौजूद थे। अज्ञात ठग मेरे उन सभी मित्रों को फर्जी वाहन चालान आदि की सूचना भेजकर यह लिख रहे हैं कि मेरे वाहन का चालान हो गया है। तुम्हारा नाम भी लिस्ट में है। इसे खोलकर चेक कर लो। मेरे मित्रों से मुझे इस बात की जानकारी मिली तो मैंने उन्हें आपबीती बताकर उस पीडीएफ को खोलने से मना किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, शुरू हुई जांच

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का शव गांव के बाहर पानी की टंकी के पास आम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की पहचान ग्राम काजीपुर निवासी रामविलास (50) पुत्र छीटू के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले ही उन्होंने अपनी बेटी अंजनी की शादी धूमधाम से की थी। परिवार अभी शादी की खुशियों से उबर भी नहीं पाया था कि यह घटना हो गई।

ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार शाम रामविलास अपनी बेटी के घर मंगरौरा गए थे। वहां से लौटने के बाद वह काफी परेशान दिखाई दे रहे थे। रात करीब आठ बजे वह घर से निकले और करीब एक घंटे बाद गांव के बाहर आम के पेड़ से उनका शव लटकता मिला। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि आखिर बेटी के घर से लौटने के बाद ऐसा क्या हुआ कि रामविलास ने यह कदम उठा लिया।

### बेटी की विदाई के 7 दिन बाद उठी पिता की अर्थी

अभी बेटी के हाथों की मेहंदी का रंग फीका भी नहीं पड़ा था कि घर में मातम छा गया। जिस आंगन से कुछ दिन पहले हंसी-खुशी के बीच अंजनी की डोली विदा हुई थी, उसी घर से अब पिता की अर्थी उठने की तैयारी होने लगी। परिजनों के मुताबिक रामविलास की सात बेटी थी और एक लड़का था लेकिन शादी सकुशल संपन्न होने के बाद वह काफी राहत महसूस कर रहे थे। बुधवार को बेटी के घर से लौटने के बाद उनका बदला व्यवहार परिवार को भी समझ नहीं आया। देर रात जब गांव के बाहर आम के पेड़ से उनका शव मिलने की खबर पहुंची तो परिवार में चीख-पुकार मच गई।

लापरवाही

ग्राम पंचायत लोहरता में लगभग 13 लाख रुपये से किया जा रहा निर्मित, ग्रामीणों में नाराजगी

# सालभर बाद भी अधूरा है पशु आश्रय केंद्र, आवारा पशुओं से परेशानी

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद की ग्राम पंचायत लोहरता में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पशु आश्रय केंद्र का निर्माण कार्य एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है।

आश्रय केंद्र अधूरा पड़े रहने के कारण क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्राम पंचायत लोहरता के साथ-साथ आसपास की ग्राम पंचायतों ताला, दरखा, उमपुर गानापाटी सहित कई गांवों के आवारा पशु खुलेआम सड़कों और खेतों में घूम रहे हैं। दिन-रात खेतों में घुसकर ये पशु किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश चंद्र कोरी का कहना है कि बड़ी मुश्किल से तैयार की गई फसलें रातों-रात चौपट हो जाती हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। किसान नेता राजेंद्र पांडे ने कहा कि अधिकारियों ने जल्द कार्य पूरा कराने का दिया भरोसा दिया था परन्तु अभी तक सुरु नहीं हुआ

**किसान यूनियन ने उठाई जांच की मांग:** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रभारी अजय मिश्रा ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि पशुओं को आश्रय केंद्र में रखने की उचित व्यवस्था होने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव नेहा सिंह ने बताया कि पशु आश्रय केंद्र का निर्माण कार्य अभी अधूरा है, जिसे शीघ्र पूरा कराकर पशुओं के लिए तैयार कराया जाएगा। वहीं खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि किन परिस्थितियों में निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, इसकी जांच कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाएगा।



ग्राम पंचायत लोहरता स्थित पशु आश्रय केंद्र। अमृत विचार



पशु आश्रय केंद्र का भूसा घर। अमृत विचार

## 10 से बदलेंगे 1.35 लाख प्रीपेड उपभोक्ताओं के मीटर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** शहर से लेकर देहात तक करीब 1.35 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। शासन के निर्देश पर प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं को अब पोस्टपेड प्रणाली में वापस जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 10 से 15 मई के बीच पूरी की जाएगी, जिसकी सूचना उपभोक्ताओं को ऑनलाइन मैसेज के जरिए दी जाएगी। अब जून माह से सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल हर महीने एक से 10 तारीख के बीच तैयार कर दिए जाएंगे। बिल जारी होने के बाद उपभोक्ताओं को 15 दिन के भीतर भुगतान करना होगा। समय पर भुगतान करने पर सात दिन तक की छूट (ग्रेस पीरियड) भी दी जाएगी। खास बात ये है कि एलएमवी 1 श्रेणी के उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है। बकाया राशि और सिक्योरिटी मनी को मिलाकर 10 मासिक किस्तों में जमा करने की सुविधा दी जाएगी। उपभोक्ता वर्तमान बिल के साथ किस्तों का भुगतान कर सकेंगे, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा। सिर्फ शहर में अकेले 56 हजार से अधिक उपभोक्ता प्रीपेड मीटर से परेशान थे। बार-बार रिचार्ज की समस्या, बिजली कटने व तकनीकी दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं में असंतोष फैल रहा था।

